CMYK

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 1 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आगरा जिले में शुक्रवार शाम 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश पवन को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पवन की लोकेशन मिलने पर एसटीएफ टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश की ओर से की गई फायरिंग के जवाब में हुई मुठभेड़ में वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एसटीएफ का एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मारे गए बदमाश के पास से 9 एमएम और 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक 9 एमएम की सरकारी पिस्टल उसने वर्ष 2016 में नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक सिपाही से लूटी थी। पवन मूल रूप से गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र का निवासी था।

### पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर जारी आदेश पर पुनर्विचार हो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यूपी बोर्ड की पुस्तकें प्रकाशित करने वाले प्रकाशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रकाशकों ने यूपी बोर्ड द्वारा पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर जारी आदेश पर पुनर्विचार करने की गुहार लगाई है। प्रकाशकों का आरोप है कि यूपी बोर्ड ने हाल में आदेश जारी कर केवल तीन प्रकाशकों को 36 विषयों की 70 पुस्तकों के प्रकाशन का अधिकार प्रदान कर दिया है। वे पिछले लगभग 50 वर्षों से, तीन-चार पीढ़ियों से प्रकाशन कार्य से जुड़े हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# डा. मिर्जा पांचवीं बार मजलिसों के को-ऑर्डिनेटर

जिया अब्बास जैदी



दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें

■ 21 मई से शुरू होकर 24 मई तक चलेंगी

**लखनऊ/सहारनपुर।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग-अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह ए-आलिया नजर-ए-हिंद जोगीपुरा की मजलिसें 123 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि यह अकीदत का मरकज है। 351 साल से ज्यादा हो गए, यह दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ-साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 21 मई से शुरू होकर 24 मई 2026 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली जैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार पांचवी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक मौलाना सैयद शबाब नकवी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। डा. मिर्जा शफीक ने बताया कि 23 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा मौलाना मिर्जा शफीक को आगरा में स्थित दरगाह शहीद-ए-सालिस की मजलिसों का भी पिछले दो वर्षों से कोर्डिनेटर बनाया जा रहा है।

# डिग्री सिर्फ एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता

नई दिल्ली, वार्ता



■ दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्नातक की डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि समाज की सेवा, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता है।

राधाकृष्णन ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय 104 साल की यात्रा और शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतरता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की शुरुआत मात्र तीन कॉलेजों, दो संकायों, आठ विभागों, उपहार स्वरूप प्राप्त पुस्तकों के एक छोटे से पुस्तकालय और 750 छात्रों से हुई थी। आज इसमें 16 संकाय, 86 विभाग, 90 कॉलेज, 20 छात्रावास, 30 से अधिक केंद्र और संस्थान, 34 पुस्तकालय और छह लाख से अधिक छात्र हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने ऐतिहासिक यात्रा में वाकई एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय को देश के सबसे प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि एक सदी से अधिक समय से इसने ऐसे विद्वानों को पोषित किया है, जिन्होंने भारत के बौद्धिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक जीवन का नेतृत्व किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अब उन प्रतिभाशाली पूर्व छात्रों की परंपरा में शामिल हो रहे हैं जिन्होंने न केवल भारत बल्कि विश्व को भी आकार दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लगातार हो रहे सुधार पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय लगातार चार वर्षों से क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर बना हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, यह एक अंत और एक नई शुरुआत दोनों का प्रतीक है। यह वर्षों के अध्ययन, अनुशासन, मित्रता, परीक्षाओं और आत्म-खोज का उत्सव है, साथ ही स्नातकों के लिए एक व्यापक क्षेत्र, यानी उत्तरदायित्व के क्षेत्र में औपचारिक प्रवेश का संकेत भी है। उन्होंने कहा कि स्नातक एक ऐसे संसार में कदम रख रहे हैं जो परिवर्तन से गुजर रहा है। प्रौद्योगिकी उद्योगों को नया रूप दे रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्य की प्रकृति को पुनर्परिभाषित कर रही है, जलवायु परिवर्तन विकास के प्रतिमानों को चुनौती दे रहा है और विश्व भर में लोकतंत्र की परीक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे संसार में, डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता है, समाज की सेवा करने की प्रतिबद्धता, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने की प्रतिबद्धता, केवल अपने लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के कल्याण के लिए जीने की प्रतिबद्धता, और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता।

## उप्र की योगी सरकार की स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बड़ी पहल

# कैंटोनमेंट अस्पतालों में होगा आयुष्मान धारकों का इलाज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मेरठ समेत 13 जिलों में संचालित हैं कैंटोनमेंट अस्पताल, जिनमें अभी केवल प्रयागराज में ये सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी राहत देने जा रहे हैं।

राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ जल्द ही एमओयू साइन किया जाएगा। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं, जिनमें से प्रयागराज स्थित कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। वहां मिल रहे सकारात्मक परिणामों को देखते हुए सरकार ने इस सुविधा का विस्तार पूरे प्रदेश में करने का निर्णय लिया है। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा के अनुसार, प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में जनवरी 2026 से आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मुफ्त ओपीडी अपॉइंटमेंट, नि:शुल्क जांच और गंभीर रोगियों के लिए मुफ्त परिवहन (पिक एंड ड्रॉप) की सुविधा भी दी जा रही है। अब एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना स्थित कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे प्रदेश में योजना के तहत पैनल्ड अस्पतालों की संख्या में और वृद्धि होगी।

साचीज की एसीईओ डा. पूजा यादव ने बताया कि सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आवश्यक प्रक्रियाओं को आयुष्मान योजना के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। एमओयू के बाद अस्पतालों को योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे उपचार, बिलिंग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके। सरकार की इस पहल से सेना क्षेत्र के आधुनिक चिकित्सा संसाधनों का लाभ आम नागरिकों को भी मिलेगा। साथ ही गंभीर और जटिल बीमारियों से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सकेगी।

### योगी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी सभी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले देश के सभी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि महान वैज्ञानिक, नोबेल पुरस्कार से अलंकृत, 'भारत रत्न' सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाए जाने वाले इस दिवस पर आइए हम सभी मिलकर नवाचार एवं अनुसंधान के माध्यम से 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के संकल्प को और सुदृढ़ करें। आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी सर सी-वी- रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस अभूतपूर्व खोज के लिए सर रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान संचार गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ़ से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर के समारोह का आयोजन किए गए हैं।

# सैनिकों की समस्या पर राहुल का वित्तमंत्री को पत्र

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर आयकर व्यवस्था वापस लेने की मांग की है।

गांधी ने इस संबंध में वित्त मंत्री को बुधवार को पत्र लिखा है, जिसमें उनसे आग्रह किया है कि सशस्त्र बलों के कर्मियों को प्रभावित करने वाली अंशदाई पेंशन योजना में निधि की कमी दूर कर वह दिव्यांगता पेंशन पर कर हटाने के जरूरी आदेश दें। उन्होंने लिखा कि पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के लिए पर्याप्त वित्तीय आवंटन और दिव्यांगता पेंशन पर हाल ही में लगाए गए आयकर को वापस लिया जाए। पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना पूर्व सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यह योजना गंभीर वित्तीय संकट में है। योजना के तहत 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के चिकित्सा बिल लटके हुए हैं। इसमें बजट आवंटन आवश्यकता से लगभग 30 प्रतिशत कम है। भुगतान न होने के कारण कई अस्पताल योजना से बाहर हो रहे हैं। पूर्व सैनिक जेब से खर्च करने को मजबूर हो रहे हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में देरी हो रही है। देश की सेवा करने वाले आज जरूरत की घड़ी में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82225.92
निफ्टी 25424.65



सोना 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263917
प्रति किलो



# शेयर बाजारों ने एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

मुंबई, वार्ता



सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशकमंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं। दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाए हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशकमंडल की संरचना से संबंधित है। यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशकमंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए। एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार वर्तमान में उसके निदेशकमंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

### सोने की कीमत बढ़ी, चांदी का भाव घटा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। वैश्विक स्तर से लेकर घरेलू स्तर तक सोने और चांदी की कीमतों में अचानक तेजी और अचानक गिरावट आ जा रही है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक राजधानी में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,64,700 रुपये हो गई। यह कीमत पिछले कारोबारी दिन 1,62,900 रुपये थी। वहीं, दिल्ली में चांदी टूटकर 2,68,000 रुपये प्रति किग्रा पर रही। एमसीएक्स पर सोना का वायदा भाव (2 अप्रैल 2026 का कॉन्ट्रैक्ट) 133 रुपये गिरकर 1,61,971 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुई। वहीं चांदी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर थोड़ा घटकर 2,74,389 रुपये (5 मार्च 2026 का कॉन्ट्रैक्ट) किलो हो गया।

# चावल, चीनी और दालों में रही तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए। गेहूं में नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये फिसलकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

आटा 24 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 67 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 49 रुपये और मसूर दाल 23 रुपये महंगी हुई। तुअर दाल में 22 रुपये और चना दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ, जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 58 रुपये और पाम ऑयल 46 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 17 रुपये बढ़ गई। सोया तेल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 46 रुपये बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852.75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.23 रुपये और गुड़ 5007.35 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल: सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हवाई यात्रियों की संख्या का जनवरी में नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, वार्ता

हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 4.36 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में घरेलू विमान सेवा कंपनियों की उड़ानों में सफर करने वालों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 49 हजार रही। यह जनवरी 2025 के एक करोड़ 46 लाख 11 हजार से 4.36 प्रतिशत अधिक है और अपने-आप में नया रिकॉर्ड है।

इससे पहले, नवम्बर 2025 में हवाई यात्रियों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 38 हजार रही थी। हालांकि दिसम्बर में इंडिगो के परिचालन में बड़े व्यवधान के कारण यह आंकड़ा घटकर 1.43 करोड़ रहा गया था। खास बात यह रही कि दिसम्बर 2025 में बड़ी गिरावट के बाद जनवरी में इंडिगो ने यात्रियों की संख्या के मामले में अपनी पुरानी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली। पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह के दौरान हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करने के बाद उसकी बाजार हिस्सेदारी नवम्बर के 63.6 प्रतिशत से घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी। जनवरी में एक बार फिर यह 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसका मतलब यह है कि यात्री एक बार फिर इंडिगो की तरफ वापस गए हैं। दूसरी तरफ, दिसम्बर में अस्थाई रूप से बढ़ने (29.6 प्रतिशत) के बाद एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी घटकर जनवरी में 26.5 प्रतिशत रह गई। अकासा एयर (4.8 प्रतिशत) और स्पाइसजेट (3.9 प्रतिशत) क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। इंडिगो और एयर इंडिया की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी लगातार 90 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। अधिक से अधिक भरी सीटों के साथ उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर ने एक बार फिर बाजी मारी। जनवरी में वह अकेली एयरलाइंस रही जिसका भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) 90 प्रतिशत से अधिक रहा। अकासा का पीएलएफ 93.2 प्रतिशत रहा। इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और एयर इंडिया समूह 86.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पाइसजेट का पीएलएफ 85.9 प्रतिशत और क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 का 80.3 प्रतिशत रहा। विमान सेवा कंपनियों को जनवरी में यात्रियों से कुल 9,158 शिकायतें मिलीं।


### हवाई अड्डे पर स्विस नागरिक के पास मिला सैटेलाइट फोन

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सीआईएसएफ कर्मियों ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक विदेशी यात्री के बैग से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया।

इसकी सूचना तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सीआईएसएफ की ओर से पुलिस को दी गई। विदेशी नागरिक की पहचान स्विट्जरलैंड निवासी आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (34) के रूप में हुई है। फूलपुर पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे सीआईएसएफ ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (निवासी: लुशान, स्विट्जरलैंड) के बैग से यह प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद लगभग 13:30 बजे उन्हें स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जहां आईबी, एटीएस, एलआईयू सहित अन्य एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि आंद्रे सायरिल अपनी महिला मित्र सेलेन हैंगमैन (स्विट्जरलैंड निवासी) के साथ एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 696 से मुंबई जाने वाले थे, जहां से 13 मार्च को वे नेपाल के लिए रवाना होने वाले थे। आंद्रे सायरिल पेशे से प्रोसेस इंजीनियर हैं। उन्होंने सितम्बर 2025 में नौकरी छोड़कर विश्व भ्रमण शुरू किया था। वे दक्षिण अफ्रीका से दुबई, ओमान होते हुए 29 जनवरी को नई दिल्ली पहुंचे थे।

# उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ होली के बाद संगठनात्मक बदलाव पूरा कर लेगी भाजपा, जिला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए जल्द ही बाकी बचे पांच जिला अध्यक्षों और 80 से ज्यादा मंडल अध्यक्षों को नियुक्त करके जमीनी स्तर पर संगठनात्मक बदलाव पूरा करने वाली है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और राज्य महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व से मंजूरी लेने के लिए बाकी जिला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल कर दिए हैं। इसके बाद जिला-स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा, जो मुख्य संगठनात्मक निकाय है जो जमीनी स्तर पर पार्टी की जनता तक पहुंच को बढ़ावा देता है। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर मंडल-स्तरीय अध्यक्षों का चुनाव कराने का फ़ैसला किया। पार्टी ने 1,918 मंडल अध्यक्षों में से 1,800 से ज्यादा का चुनाव करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, ये संगठनात्मक पदाधिकारी जिला निकाय और बूथ-स्तरीय व्यवस्था के बीच एक पुल का काम करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो चुनाव पास आ रहे हैं, इसलिए बीजेपीका बाकी जिला प्रेसिडेंट और मंडल प्रेसिडेंट का अपॉइंटमेंट पूरा करने पर फ़ोकस करना जल्दबाजी दिखाता है। जिला और मंडल यूनिट उत्तर प्रदेश जैसे पॉलिटिकल रूप से घने राज्य में इलेक्शन मैनेजमेंट की रीढ़ होती हैं, जहां बूथ-लेवल का हिंसाब अक्सर नतीजे तय करता है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी का मकसद ऑर्गेनाइजेशनल कमियों को दूर करना, गुटबाजी को रोकना और यह पक्का करना है कि अनुशासन का मैसेज राज्य से बूथ लेवल तक पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि जिला-लेवल का ऑर्गेनाइजेशनल सेट-अप आखिरकार स्टेट टीम बनाने का रास्ता बनाएगा, जिसमें असल में स्टेट वाइस-प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी और छह रीजनल प्रेसिडेंट शामिल होंगे। भाजपा सूत्रों ने कहा कि स्टेट टीम का अपॉइंटमेंट पार्टी की सोशल इंजीनियरिंग को दिखाएगा क्योंकि वह उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए तैयार हो रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी हर हाल में मार्च के आखिर तक ऑर्गेनाइजेशनल बदलाव पूरा कर लेगी। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। भाजपा की नजर राज्य में संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले हैं। 14 जिलों के लिए अध्यक्षों के नाम की घोषणा होनी थी। इनमें से 11 जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी कर दी गई थी। होली के बाद संगठन के स्तर पर और भी ऐलान होने हैं।

# हाउस टैक्स में राहत के लिए पार्षद मिलेंगे महापौर और नगरायुक्त से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व पार्षदों की याचिका खारिज किए जाने के बाद नगर की संपत्तियों पर कर का बोझ बढ़ गया है। इसके चलते शहर की जनता में असंतोष की स्थिति बन गई है। जो लोग अब तक दबी जुबान में अपनी नाराजगी जता रहे थे, वे अब चौपालों और नुक्कड़ बैठकों में खुलकर अपनी बात रखने लगे हैं।

संपत्ति कर में राहत दिलाने के उद्देश्य से आज लगभग दो दर्जन पार्षद गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित हुए। सभी पार्षदों ने सहमति बनाई कि महापौर एवं नगरायुक्त से मिलकर जनता की भावना और समस्या को प्रमुखता से रखा जाएगा।

पार्षदों द्वारा महापौर सुनीता दयाल से समय लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने वर्तमान व्यस्तता का हवाला देते हुए होली के बाद बैठक करने की बात कही। वहीं नगरायुक्त ने कल सायंकाल बैठक के लिए सहमति प्रदान की है।

संपत्ति कर में राहत न मिलने पर सभी पर्षदों ने सामूहिक पार्षद पद से इस्तीफा देने की बात भी कही। शीघ्र ही सभी पार्षद महापौर, विधायक, एमएलसी, सांसद एवं नगरायुक्त के साथ संयुक्त बैठक कर इस विषय का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाउस टैक्स काम करने के प्रति जागरुक पार्षद कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, पार्षद,मनोज त्यागी, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद शीतल चौधरी, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद कुसुम मनोज गोयल पार्षद सुधीर कुमार, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद शिवम शर्मा, पार्षद पवन गौतम, पार्षद देव नारायण, पार्षद ओम प्रकाश ओड, पार्षद संतोष राणा, पार्षद नितिन, पार्षद सुमन, पार्षद रीना चौधरी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद शशि पवन गौतम पार्षद प्रीति अभिनव जैन पूर्व पार्षद जाकिर अली, उपस्थित रहे।

## महामाया मंदिर के मद में खर्च होगा मंदिर फंड का 25 करोड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सीकरी महामाया मंदिर में मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता एम पी सिंह ने की। वह संचालन राहुल प्रधान ने किया जिसमें मुख्य रूप से मंदिर का पच्चीस करोड़ रुपए खर्च करने व आगामी मेले को भव्य रूप देने पर विस्तार से चर्चा हुई मीटिंग में तहसील प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी मोदीनगर तहस. ीलदार मोदीनगर पालिका की ओर से चेयरमैन विनोद वैशाली ईओ एसीपी मोदीनगर एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित हुए। मीटिंग में ग्रामीणों की तरफ से डॉ बबली गुर्जर राहुल प्रधान निर्दोष खटाना विकल प्रधान बीरसिंह हरबीर सिंह तिलकराज रामरिक नीरज प्रजा. पति, अशोक मुखिया राज वर्मा ने अपने विचार एवं सुझाव रखे चेयरमैन साहब व एसडीएम साहब ने इक्कीस लोगों की कमेटी का गठन कराया और तय हुआ कि तहसील प्रशासन, नगरपालिका प्रशासन और कमेटी तय करेगी कि पच्चीस करोड़ रुपया किस तरह से खर्च किया जाए। मीटिंग में पीडब्ल्यूडी विभाग, बिजली विभाग शुगर नील के अधिकारी भी उपस्थित रहे नगरपालिका चेयरमैन एवं सभी विभागों के अधिकारियों की तरफ से ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि आने वाले नवरात्रों के मेले को भव्य रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कालू, चेयरमैन चमन सिंह, देव शर्मा, सोनू चदीला पूर्व सभासद चांदी सिंह, धनवीर, ओमवीर, चाहत सिंह राहुल वाल्मीकि अमित धर्मबीर, आरटीओ आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### गाजियाबाद में गृहकर पर 20% छूट की अवधि बढ़ी

## महापौर सुनीता दयाल का फैसला 31 मार्च 2026 तक मिलेगा लाभ



**गाजियाबाद।** शहरवासियों को राहत देते हुए नगर निगम ने संपत्तिकर (गृहकर) में 20 प्रतिशत की छूट की अवधि बढ़ा दी है। महापौर सुनीता दयाल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है, जिससे अधिक से अधिक करदाता समय पर अपना कर जमा कर सकें। नगर निगम द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सभी संपत्तिकरदाताओं को अपने- अपने भवनों पर लागू संपत्तिकर निगम कोष में जमा कराना होता है। सदन द्वारा पूर्व में स्वीकृत छूट योजना के अंतर्गत अब 31 मार्च 2026 तक 20 प्रतिशत की छूट का लाभ लिया जा सकेगा। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि इस निर्णय से न केवल करदाताओं को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि राजस्व संग्रह में भी तेजी आएगी। निगम ने सभी संपत्ति स्वामियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर कर जमा कर छूट योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

### मंदिर प्रांगण में लगा श्याम प्रेमियों का जमावड़ा

# श्याम बाबा के भजनों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री बालाजी एवं खाटू श्यामजी मंदिर के प्रांगण में फागुन मास की रंगभरी (आमल. की) एकादशी के पावनअवसर पर श्री खाटू श्यामजी के भव्य, विशाल एवं संगीतमय संकीर्तन का आयोजन हुआ। अनिल अग्रवाल के करकमलों द्वारा श्याम बाबा की पावन जोत प्रज्वलित करके संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत श्याम जगत के जाने माने भजन प्रवाहकों ने अपनी मधुर वाणी से श्याम बाबा का गुणगान बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक किया।

श्याम बाबा के दर्शन के लिये सुबह से ही भक्तों की कतार लगनी प्रारंभ हो गई । यह सिल. सिला देर रात तक चलता रहा, मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। श्याम बाबा के भजनों पर श्याम प्रेमी देर रात तक झूमते रहे। सभी ने नाचते झूमते धमाल मचाते हुए श्याम बाबा के संग होली मनाई और भक्तों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों एवं भजन प्रवाहकों को प्रतीक चिन्ह एवं छप्पन भोग प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

यह भव्य आयोजन गाजियाबाद नरेश प्रबंधन कमेटी श्री खाटू श्याम कुटुम्ब सेवा परिवार मंदिर समिति ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक अनिल अग्रवाल (राज्यसभा सांसद), संस्थापक राकेश करन एवं सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संकीर्तन को सफलता पूर्वक आयोजित करने में समिति के सभी सदस्यों का उत्कृष्ट योगदान विशेष सराहनीय है।

# आई.टी.एस मोहननगर के वार्षिकोत्सव NAVTARANG WYSIWYG को बनाया यादगार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहननगर संस्थान में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव नवतरंग एवं विजविग - इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट 2026 का भव्य समापन प्रसिद्ध गायक लक्ष्य कपूर की प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। इस वार्षिक अंतर-संस्थागत सांस्कृतिक महोत्सव NAVTARANG-WYSIWYG 2026, के द्वितीय दिवस पर आयोजित सेलिब्रिटी नाइट ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक लक्ष्य कपूर ने अपनी मधुर आवाज और ऊर्जावान प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। इस अवसर पर आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि NAVTARANG-WYSIWYG केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति का मंच है।

इस वार्षिकोत्सव में आयोजित 23 तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज, क्रॉसवर्ड, बिजनेस प्लान, सोलो डांस, ग्रुप डांस, टी शर्ट पेंटिंग, क्रिएटिव राइटिंग, नेल आर्ट, स्ट्रीट प्ले, सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फैशन शो, पोएट्री, मिमिक्री, अंताक्षरी, डुएट सिंगिंग, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सुडोकु आदि में बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने सांस्कृतिक उत्सव में भाग लिया।

इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ अजय कुमार, आईटीएस के डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पांडेय, यूजी कैंपस की प्रिंसिपल प्रोफेसर (डॉ) नैंसी शर्मा, यूजी कैंपस की ऐकडेमिक डीन डॉ विदुषी सिंह, इवेंट कोऑर्डिनेटरस, अध्यापकगण एवं भरी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने एनडीआरएफ जवानों के साथ मनाई होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** होली के पावन पर्व के अवसर पर गाजियाबाद राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की आठवीं बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल एवं वसंत पावड़े से गोविंदपुरम स्थित मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट की तथा उनका एवं जवानों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने कमांडेंट एवं उपस्थित जवानों को पटका पहनाकर, गुंजियाख्रमिठाई खिलाकर एवं चंदन तिलक लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने-अपने घरों से हजारों किलोमीटर दूर रहकर देशभर में आपदा के समय सेवा देने वाले एनडीआरएफ के जवानों के साथ होली मनाकर व्यापार मंडल ने उनके समर्पण और राष्ट्रसेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि "एनडीआरएफ के जवान हर संकट की घड़ी में देशवासियों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

होली जैसे पारिवारिक पर्व पर उनसे मिलकर उन्हें सम्मान देना हमारे लिए गौरव की बात है।" राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि "जो जवान अपने परिवार से दूर रहकर देश की सुरक्षा और आपदा राहत कार्य में लगे रहते हैं, उनके साथ त्योहार मनाना समाज का दायित्व है। राष्ट्रीय व्यापार मंडल सदैव ऐसे वीर जवानों के साथ खड़ा है।" प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने कहा कि "एनडीआरएफ की सेवाएं अद्वितीय हैं। आपदा के समय उनका साहस और सेवा भावना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। आज का यह आयोजन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।"

## 26 हजार वर्गमीटर में बस रही अवैध कॉलोनी को जीडीए ने किया ध्वस्त

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्राधिकरण ने गुरुवार को ग्राम शाहपुर निज मोरटा क्षेत्र में विकसित की जा रही लगभग 26 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल की अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में की गई। प्राधिकरण टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम शाहपुर निज मोरटा में खसरा संख्या 629, 630, 631 और 632 पर बिना स्वीकृत मानचित्र के बड़े पैमाने पर मिट्टी भराई और ईंट चिनाई का कार्य किया जा रहा है। मौके पर जांच के दौरान संबंधित पक्ष द्वारा कोई स्वीकृत नक्शा या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके बाद नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई। प्राधिकरण द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में बनाई गई सड़क, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस सहित अन्य निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजर एवं निर्माणकर्ता की ओर से विरोध भी किया गया, लेकिन पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते की मौजूदगी में प्रभावी कार्रवाई करते हुए पूरे अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा।

# रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी द्वारा डायलिसिस सैन्टर का किया गया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब स्मार्ट सिटी द्वारा अपने सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डायलिसिस सैन्टर का उद्घाटन किया गया और इसे होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन द्वारा संचालित तिरूपति हॉस्पीटल को सुपुर्द किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 3012 की गवर्नर डा अमिता मोहिन्द्रू तथा विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर फेरोलाइट जॉइंटिग्स लि तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रो अमित गुप्ता रहे। इस अवसर पर सी.एस.आर प्रोजेक्ट प्रमोटर एवं क्लब सदस्य पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा सुभाष जैन ने बताया कि हमारे क्षेत्र में क्रॉनिक किडनी रोग तेजी से बढ़ रहा है और सीमित उपलब्धता और इलाज के मंहगे खर्चे के कारण कई मरीजों को समय पर डायलिसिस कराने में काफी कठिनाईयाँ होती है। इस सी.एस.आर. परियोजना की कुल लागत लगभग 30 लाख रूपये है। डा सुभाष जैन ने इस प्रोजेक्ट की सफलता में उदार योगदान और समर्थन के लिए सी.एस.आर. कम्पनी फेरोलाइट जॉइंटिंग्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक कुमार शर्मा तथा गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। डा राजीव गोयल ने श्री तिरूपति हॉस्पीटल के संच. ालक होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन को "डायलिसि सेंटर" की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गाजियाबाद स्मार्ट सिटी क्लब और सी.एस.आर. कम्पनी फेरोलाइट जॉइंटिंग्स लि को धन्यवाद दिया और उनके उदार सहयोग के लिए प्रशंसा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अतिथिगण पी.डी.जी. जे.के. गौड, पी.डी.जी. अशोक अग्रवाल, पी.डी.जी. प्रियतोष गुप्ता एवं रचना गुप्ता, डी.जी. एन.डी. रीना गुप्ता, रो बबीता जैन, नमन जैन, संदीप मिगलानी, अमित बंसल, आशीष महाजन, आलोक गर्ग एवं निशा गर्ग, संदीप जेटली, विपुल कुच्छल और रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी क्लब की अध्यक्ष भारती गर्ग, आशीष गर्ग, सचिव प्रवीण गोयल, सीमा गोयल, रीना अग्रवाल, डा अरूणा सिंघल, रीनम अग्रवाल, पूनम गर्ग, अलका गोयल, सुजाता गर्ग, अनु अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मीनू गुप्ता, डा राकेश छारिया, योगेश कुमार गोयल, सारंग अग्रवाल, नरेश कुमार गर्ग, अनीश गुप्ता, अधीर गर्ग, मनोज अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम "विज्ञान में महिलाएं विक. सित भारत को गति देने वाली शक्ति" थी, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को बढावा देना एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में रंगोली निर्माण, पोस्टर निर्माण, लघु फिल्म निर्माण सहित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान में महिलाओं के योगदान, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा समाज में विज्ञान की उपयोगिता को आकर्षक और सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ एम थंगराज द्वारा सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत रहने तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यार्थियों ने ऐसे प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु माननीय वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का हृदय से आभार व्यक्त किया।


## अदालती सूचना

**सिविल जज सिनियर डीविजन गाजियाबाद।**
**उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव पी.सी.एस.जे**
**इजराय वाद संख्या 36 / 2025**
**( कम्पयुटर संख्या 65 / 2025 )**

विक्रम सिंह पुत्र श्री वीरपाल सिंह, आयु करीब 50 वर्ष, निवासी मकान नम्बर 534, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, परगना डासना, तहसील व जिला गाजियाबाद। आधार नम्बर 4010 1567 6519.

...वादी/डिक्रीदार

**बनाम**

श्रीमती शमा पत्नि श्री आसिफ, (बालिग), निवासी मकान नम्बर 144 सराय नजरअली, नई बस्ती, गाजियाबाद तहसील व जिला गाजियाबाद।

...प्रतिवादिनी/निर्णित ऋणी

चूंकि ऊपरी नामांकित डिक्रीदार ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि डिक्री/धनराशि वसुलयाबी के लिये अतएव आपको एवदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये बातारीख 07.03.2026 बवक्त 10 बजे दिन में उत्तर देने के लिये व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिये, उपसंजात होने के लिये नोटिस किया जाता है। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त इजराय का एसपक्षीय निस्तारण किया जाता है। आज यह तारीख 19.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मोहर लगाकर दिया गया।

**आदेसानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित-श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं0-13 सन् -2026**
**( कम्प्यूटर नं0 32 / 2026 )**

1. डॉ प्रबुद्ध गोयल, आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, निवासी 544 द्वितीय तल, हवा सिंह ब्लॉक, एशियाड विलेज नई दिल्ली-110049 आधार संख्या 4418 1645 2988. 2. श्रीमती पवी गुप्ता दुग्गल, आयु लगभग 42 वर्ष, पुत्री स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, पत्नी श्री मनप्रीत सिंह दुग्गल, निवासी केसी-109, कविनगर, गाजियाबाद वर्तमान निवास प्लैट 1103, 11 वीं मंजिल कनुबर्ड-4, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर पश्चिम मुंबई-400086, आधार संख्या 5154 0866 0760. (श्री मनप्रीत सिंह दुग्गल, उनके पति द्वारा प्रति. निधित्व, मुख्तारनामा दिनांक 17.01. 2026 के अधिकार से)

.....प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. श्री सक्षम गोयल, आयु लगभग 34 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, निवासी केसी-109, कविनगर, गाजियाबाद, वर्तमान में कनाडा में निवासरत। 2. श्रीमती संगीता गुप्ता, आयु लगभग 68 वर्ष, पत्नी स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, निवासी 163/9, सिविल लाइन्स, बैजल कम्पाउण्ड, मेरठ, उत्तर प्रदेश 250001, वर्तमान निवास: केसी-109, कविनगर, गाजियाबाद। 3. भारतीय जीवन बीमा निगम, मेरठ शाखा III, 270 प्रभात नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश। 4. पंजाब नैशनल बैंक, शाखा केएल-44, कविनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001, आईएफएससी कोड PUNB0394700. 5. ओरिएंटल बैंक आफ कॉमर्स (अब पंजाब नैशनल बैंक), शाखा एसकेकेबी चौरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली हरिद्वार बाईपास रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, आईएफएससी कोड: ORBC0105228.

.... प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री डॉ प्रबुद्ध गोयल आदि, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनरा. शि रूपया अंकन लगभग 15,00,000/- रूपये स्व० सुशील कुमार गुप्ता के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 6.02.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 20.01.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

लगभग 15,00,000/-रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $26^0$ C
न्यूनतम : $11^0$ C

नई दिल्ली, रविवार 1 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगा आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज पेज 2



भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टर फाइनल पर खेल टाइम्स



पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा: 300 की मौत, 500 लोग घायल पेज 11



राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी बॉलीवुड

# अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला

## 85 छात्राओं सहित 102 लोगों की मौत, 60 से अधिक नागरिक हुए घायल

### ईरान का पलटवार

- ईरान ने भी इजरायल, कुवैत, कतर, बहरीन व सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमले किए
- ईरान ने इजरायल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक
- दुबई एयरपोर्ट ने सभी उड़ानें रद्द की, इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक, स्कूल-दफ्तर बंद

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इन हमलों में दक्षिणी ईरान में अब तक 53 छात्राओं समेत 102 की मौत हो गई है। जबकि 60 से अधिक घायल हैं। ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय पर कथित इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है।

सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार इस हमले में करीब 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारी मोहम्मद रदमेहर ने कहा कि हमले के समय स्कूल में लगभग 170 छात्र मौजूद थे। राहत और बचाव अभियान जारी होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यानी देशों के हमलों में अब तक कुल 102 मौते हो चुकी हैं। इसमें मिनाब शहर की एक प्राथमिक बालिका विद्यालय की 85 छात्राएं, ईरान के पूर्वी इलाके में एक स्कूल के दो छात्र और अबू धाबी में हुई एक मौत शामिल है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजरायल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी ड्रोन हमला किया। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजरायल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजरायल का जाइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ईरान में तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं।



### पश्चिम एशिया से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कदम उठाए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले और इसके जवाब में कई देशों पर ईरानी कार्रवाइयों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्रालय से पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ता तनाव बेहद चिंताजनक है। पश्चिम एशिया में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाए।

### ईरान, इजरायल व कतर स्थित दूतावासों की भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ईरान, इजरायल और कतर स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और एक परामर्श जारी कर आपात स्थिति में दूतावासों से आपात टेलीफोन नम्बरों तथा ईमेल पर संपर्क करने को कहा है। कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि सभी भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने तथा दूतावास और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी समाचार और परामर्शों का पालन करने की सलाह दी जाती है। भारतीय नागरिक दिन-रात काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 00974-55647502 और दूतावास के ईमेल cons&doha@mea&gov&in पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने कहा है कि सभी नागरिक स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा जारी आपातकालीन अलर्ट का पालन करें। जन सुरक्षा के हित में सभी से आग्रह है कि सैन्य स्थलों के आसपास जाने से बचें, घर या अन्य किसी भी भवन के अंदर रहें, और अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें या आवागमन करें, ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने परामर्श में कहा है कि बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है। परामर्श में संबंधित समाचारों पर नजर रखते हुए स्थिति के बारे में जागरूक रहने और दूतावास की ओर से अगले आदेश की प्रतीक्षा करने की भी सलाह दी गई है।

- हेल्पलाइन नम्बर जारी किए

### इजरायल का दावा: हमले में ईरान के रक्षा मंत्री व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मारे गए

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव के बीच इजरायल ने बड़ा दावा किया है। इजरायली सैन्य अभियान से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय स्रोत के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पकपौर इजरायली हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि हालिया हमलों में ईरान के सैन्य नेतृत्व से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस दावे के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### 11वां रोज़ा

#### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा



इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोजे़ से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोजे़ तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोजे़ में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




### एयर इंडिया, इंडिगो ने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में विस्फोटक हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने वहां जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को एक यात्रा परामर्श में बताया कि उसने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान एआई139 को इजरायल में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण बीच रास्ते से ही दिल्ली के लिए वापस लौटना पड़ा था। एयरलाइन ने यात्रियों को घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी है।

## ईरान और खाड़ी देशों पर भारत की पैनी नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई
- विदेश मंत्रालय बोला: सभी पक्ष संयम बरतें

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के ताजा हमलों के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी किया।

इस बयान में कहा गया कि भारत, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि वह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करता है। मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के मिशन भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और उन्होंने उचित परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। ईरान पर हमले से भारत के लिए भी बड़ी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। लड़ाई लंबी चली, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक स्थिरता समेत कई मोर्चों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा ईरान के पड़ोसी देशों से आयात करता है। देश का करीब 40 से 60 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के निकास मार्ग से आता है। यहां किसी तरह का सैन्य अवरोध होने पर तेल की आपूर्ति में बाधा आ सकती है। खाड़ी देशों में 80 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय रहते हैं। इनकी सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर इनकी निकासी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### प. बंगाल: फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 61 लाख नाम काटे गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस के बाद राज्य में वोटरों की संख्या 7,04,59,284 हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फार्म-7 के जरिए 5,46,053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फार्म-6 और फार्म-6ए जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया। इस पूरे प्रोसेस में 61,78,245 लोगों के नाम काटे गए हैं।

## आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत

- आठ लोगों की हालत गंभीर
- राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है। पटाखा फैक्ट्री में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। सीएम नायडू ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्ट्री में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

### एनसीईआरटी की एडवाइजरी, 8वीं की बैन पुस्तक है, तो लौटाएं

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक जिन व्यक्तियों या संगठनों के पास है वे इस किताब को तुरंत लौटाएं। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की जिस किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला अध्याय था और जिस पर रोक लगा दी गई है, उसकी सभी प्रतियां वापस एनसीईआरटी मुख्यालय में जमा कराई जाएं। एनसीईआरटी ने यह भी कहा कि इस किताब के 'The Role of the judiciary in Our Society' अध्याय से जुड़ा कोई भी कंटेंट यदि सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है, तो उसे तुरंत हटा दिया जाए। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किताब पर रोक लगाए जाने के बाद उसे डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फैलने से रोका जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

## जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन

**हुबली।** जम्मू-कश्मीर की टीम ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नए रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। पहली पारी के शतकधारी शुभम पुंडीर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 245 रन बनाने तथा 60 विकेट लेने वाले आकिब नबी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2:10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुमकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गए, लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी।




लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल ने 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 160 तथा साहिल लूथरा ने 226 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए।

### तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

# सीएम ने किया 'मॉर्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'मॉर्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के मुस्कुराते चेहरे यह प्रमाणित करते हैं कि पोषण केवल भोजन नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का आधार है। सेवा का यह संकल्प देश की उस सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाता है, जिसमें अन्नदान को सर्वोच्च पुण्य माना गया है।




इस अवसर पर उन्होंने संस्था को साधुवाद देते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इस पुनीत कार्य में पूर्ण सहयोग के साथ संस्था के साथ दृढ़ता से खड़ी है। देश में मिड-डे मील योजना ने लाखों बच्चों को विद्यालय से जोड़ा और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 'मॉर्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम' बच्चों को दिन की शुरुआत से ही ऊर्जा और पोषण उपलब्ध कराएगा, जिससे वे पढ़ाई, खेल और अन्य गति. विधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अक्षय पात्र फाउंडेशन दिल्ली सरकार के लगभग 200 विद्यालयों के साथ मिलकर करीब 90,000 बच्चों को भोजन उपलब्ध करा रहा है। राजधानी में संचालित फाउंडेशन की चार अत्याधुनिक रसोइयों के माध्यम से यह भोजन समय पर बच्चों तक पहुंचाया जाता है।

उन्होंने इस पहल को बच्चों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पीएम पोषण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और पोषण अभियान ने देश में पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। स्वस्थ और पोषित बालक ही विकसित भारत की आधारशिला हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जी द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, गर्भवती माताओं के पोषण, मिलेट्स के प्रोत्साहन और सर्विकल कैंसर के विरुद्ध टीकाकरण जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी पहले स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने भी 'कोई भूखा न सोए' के संकल्प के साथ अटल कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों, जरूरतमंदों, मरीजों के परिजनों और असहाय लोगों को मात्र 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। सरकार का लक्ष्य प्रतिदिन एक लाख लोगों को भोजन उपलब्ध कराना है। इस दिशा में 100 अटल कैंटीन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 71 कैंटीन प्रारंभ की जा चुकी हैं।

## मास्टर माइंड साथी सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के अशोक विहार थाने की टीम ने हरियाणा में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले के मास्टर माइंड सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्टल पिस्टल, दो स्प्रिंग एक्स्यूएटेड चाकू, एक टॉय पिस्टल, लाल मिर्च पाउडर और बाइक बरामद की है।पुलिस ने आरो. पियों को पकड़ कर हथियारों के साथ लूट की कोशिश नाकाम कर दी है। हत्या के पीछे का मकसद कथित तौर पर आध्यात्मिक सीट और एडमिनिस्ट्रेटिव अथॉरिटी पर कंट्रोल करना था।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि आई एंड ईयर नेटवर्क से मिले खास इनपुट पर हेड कांस्टेबल पवन को दो संदिग्ध लोगों के मूवमेंट के बारे में जानकारी मिली थी।

# प्रॉपर्टी डीलर को लाठी-डंडों से पीटा 14 दिन बाद अस्पताल में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर को प्रॉपर्टी विवाद में कार सवार बदमाशों ने लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा,वारदात पांच फरवरी थी,प्रॉपर्टी डीलर की उपचार के बीच अस्पताल में 18 फरवरी को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों को सौंप दिया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले में काफी लापरवाही बरती है,आज भी आरोपी खुले में घुम रहे हैं। हमारा सदस्य बदमाशों की लाठी डंडों से की गई पिटाई के बाद मरा है। पुलिस को हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करना चाहिए,मगर ऐसा नहीं किया गया है। दूसरी तरफ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जब वारदात हुई थी। उसी वक्त घायल के बयान पर मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब उसकी मौत हो गई है तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जिसको कोर्ट में पेश करने के बाद कानूनी तौर पर एफआईआर में कोर्ट के आदेश पर धाराओं में फेरबदल किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक मृतक व्यक्ति की पहचान प्रदीप कुमार (58) परिवार के साथ कंझावला गांव में रहते थे। इलाके में राज प्रॉपर्टी के नाम से प्रॉपर्टी का काम करते थे। छह फरवरी को दर्ज एक एफआईआर में दर्ज उनके बयान के मुताबिक एक महिला को प्लॉट दिलवाया था। जिसपर बाद में विवाद होने लगा था। उसने मामले में बीच में पडकर सुलटाने की कोशिश की। मगर ऐसा नहीं हुआ। पांच फरवरी जब वह ऑफिस से घर के लिये निकला पंजाब नंबर की कार ने उसको रोका,जिसमें से चेहरे को कपड़े से ढके बदमाश निकले और उसकी बेसबॉल व लाठी डंडों से बुरी तरह से पिटाई की। एक ने उसकी कनपटी पर हथियार लगाकर जान से मारने की धमकी भी दी थी। बदमाश उसी वक्त फरार हो गए थे।

एफआईआर में लिखे बयान के मुताबिक प्रदीप ने इलाके में रहने वाले दो युवकों के नाम भी दर्ज करवाए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया और एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। प्रदीप का उपचार सर गंगा राम अस्पताल में चल रहा था। 18 फरवरी को प्रदीप को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की पत्नी सुषमा ने बताया कि प्रदीप तो परिवार का पालन पोषण करने के लिये प्रॉपर्टी का काम करते थे।

# जीटीबी अस्पताल व इहबास को सीएम ने दी कई सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा में स्थित जीटीबी अस्पताल और इहबास को सीएम द्वारा नई सौगात मिलीं, शनिवार को इस मौके पर दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने जीटीबी अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण, मेडिकल आईसीयू और एचडी एंडोस्कोपी सुईट का उद्घाटन किया और इहबास में ओपीडी की नई बिल्डिंग का शिलान्यास किया स

शनिवार को सीएम रेखा गुप्ता पहले जीटीबी अस्पताल पहुंची, वहां उन्होंने अस्पताल परिसर और निर्माणधीन बिल्डिंग का दौरा किया स जिसके बाद जीटीबी अस्पताल की लाइब्रेरी हॉल में अस्पताल प्रशासन और उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया और वहां मौजूद तीन लड़कियों को एचपीवी टीकाकरण कर इसकी शुरुआत की, इसके साथ उन्होंने मेडिकल आईसीयू और एचडी एंडोस्कोपी सुईट का उद्घाटन किया। इस मौके पर बोलते हुए सीएम ने कहा एचवीपी टीकाकरण लड़कियों को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाएगा, यह टीका 13 से 14 साल की लड़कियों को लगाया जाएगा, अभी दिल्ली में करीब 1 लाख 60 हजार ऐसी लड़कियां है जिनको यह टीका लगाया जाएगा ताकि उनका कैंसर जैसी बीमारी से बचाव होगा और जीटीबी एचडी एंडोस्कोपी करने वाला पूरी दिल्ली में दूसरा अस्पताल होगा, इस एंडोस्कोपी से आंतो की बिमारियों के इलाज में सहायता मिलेगी स स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने इस मौके पर जीटीबी अस्पताल के डारेक्टर डॉ. विनोद की तारीफ करते हुए कहा कि डॉ. विनोद ने इस अस्पताल का कायाकल्प किया है अब यहां बेहतर इलाज मरीजों को उपलब्ध है।

जीटीबी अस्पताल में मेडिसिन प्रोफेसर डॉ कुलदीप ने बताया कि मेडिसिन आईसीयू की शुरुआत से हम उन मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया करवा सकेंगे जिनकी हालत सीरियस होती है, लम्बे प्रयास के बाद जीटीबी अस्पताल को मेडिकल आईसीयू की सुविधा मिली है।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इहबास में ओपीडी की नई बिल्डिंग का शिलान्यास करते हुए।

## एक नजर

### कैंसर वॉरियर्स की दृढ़ता का जश्न मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने दृढ़ता, उम्मीद और कैंसर से आगे जिंदगी का संदेश देते हुए आज एक समर्पित सपोर्ट ग्रुप 'नयी उड़ान' लॉन्च किया है जो कैंसर जैसे महारोग को पटखनी दे चुके लोगों के प्रति श्रद्धांजलि है। इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञों के नेतृत्व में प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, और उपचार पूरा होने के बाद के जीवन तथा भावनात्मक खुशहाली पर भी जोर दिया। इस आयोजन को कुछ हल्की-फुल्की मिठास से भरने के लिए स्टैंड-अप कॉमेडिशन प्रत्यूष चौबे ने कैंसर वॉरियर्स और उनके परिजनों को हंसाया, गुदगुदाया और यह संदेश दिया कि सकारात्मक सोच का उपचार पर अच्छा असर पड़ता है।. डॉ. विनय गायकवाड़, डायरेक्टर ख्र सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा, "नयी उड़ान की हमारे दिलों में बेहद खास जगह है। डॉक्टरों के स्तर पर, कैंसर का इलाज करना केवल एक पहलू होता है। डॉ . योति भट, सीनियर कंसल्टेंट, सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल मानेसर ने कहा, "कैंसर केवल शरीर की ही परीक्षा नहीं लेता, बल्कि हमारे मस्तिष्क और आत्मा तक को झिंझोड़ देता है।

### डीयू दीक्षांत समारोह में 734 शोधार्थियों को मिली पीएचडी डिग्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102 वें दीक्षांत समारोह में कुल 1,20,408 विद्यार्थियों के साथ ही 734 शोधार्थियों को पीएचडी. की डिग्रियां भी प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 132 गोल्ड एवं सिल्वर मेडल तथा पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल 112 गोल्ड मेडल एवं एक सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। इसी तरह यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल 19 पुरस्कार (सर्टिफिकेट) प्रदान किए गए। समारोह के दौरान डीयू के रेगुलर विद्यार्थियों, एनसीडबल्यूईबी और एसओएल के विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 109003 यूजी, 11362 पीजी और 43 एफवाईयूपी प्रोग्रामों के विद्यार्थियों को भी डिग्रियां प्रदान की गई। इस दौरान शताब्दी चांस के तहत अपनी डिग्री पूर्ण करने वाले 20 विद्यार्थियों को भी डिग्रियां प्रदान की गई।

### एक्सपोर्ट बिजनेस के बहाने की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 1.37 करोड़ रूपये और 80,000 यूएसडी की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मीट एक्सपोर्ट बिजनेस के बहाने पीड़ितों को धोखा दिया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था जिसमें उसने आरोप लगाया था कि आरोपी मोहसिन मोहम्मद (35) ने खुद को दुबई सहित इंटरनेशनल बिजनेस करने वाला एक बड़ा मीट एक्सपोर्टर बताकर धोखे से उनसे बड़ी रकम इन्वेस्ट करवा रहा है।इसी बीच अपराध शाखा की टीम को गुप्त जानकारी मिली कि आरोपी मोहसिन मोहम्मद न्यू राजेंद्र नगर में मौजूद है।इस सूचना पर टीम ने अपना जाल बिछाकर डबल स्टोरी रेजिडेंशियल ब्लॉक, न्यू राजेंद्र नगर से आरोपी मोहसिन को पकड़ लिया।पुलिस को जांच के दौरान,पता चला कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के पिता के अकाउंट से बैंक ट्रांसफर के जरिए बेईमानी से 67,70,000/- लिए थे और शिकायतकर्ता को अपने साथियों के जरिए दुबई में यूएसडी 80,000 (अस्सी हजार ै-डॉलर) का इंतजाम करने के लिए उकसाया। आरोपी ने इसी तरह के तरीके का इस्तेमाल करके दूसरे पीड़ितों, को भी धोखा दिया था। अपराध करने के बाद,आरोपी फरार हो गया और जानबूझकर जांच में शामिल होने से बचता रहा।दूसरे सह-आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने और ठगी गई रकम बरामद करने के लिए आगे की जांच जारी है।

### एक्सपायर खाने व कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स बेचने में शामिल रैकेट का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक्सपायर खाने और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स बेचने में शामिल रैकेट का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से बड़े कंपनी के एक्सपायर स्टॉक के साथ प्रिंटिंग फ्रेम, लेबलिंग मटीरियल, और एक्सपायरी और मैन्युफैक्चरिंग डिटेल्स बदलने के लिए इस्तेमाल होने वाले दूसरे इक्विपमेंट भी जब्त किए है।दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि बड़े पैमाने पर सर्कुलेशन के लिए एक्सपायर हो चुके कंज्यूमर गुड्स के गैर-कानूनी स्टोरेज और रीप्रोसेसिंग के बारे मे जानकारी पर एसीपी सुनील श्रीवास्तव की देखरेख में इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के नेतृत्व में,टीम ने पुश्ता रोड, जगतपुर में मौजूद एक गोदाम पर छापे के दौरान ओमप्रकाश शर्मा (40) को गैर-कानूनी सेटअप चलाते हुए पाया जहाँ एक्सपायर हो चुके प्रोडक्ट्स को सिस्टमैटिक तरीके से बदलकर दोबारा बेचने के लिए तैयार किया जा रहा था।

# दीक्षांत समापन नहीं, जीवन की नई शुरुआत : उपराष्ट्रपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि महान विश्वविद्यालय सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर से नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और विद्यार्थियों में डाले जाने वाले मूल्यों से पहचाने जाते हैं। उपराष्ट्रपति दिल्ली विश्वविद्यालय के 102 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बटन दबा कर 120408 विद्यार्थियों की डिजिटल डिग्रियाँ भी जारी की। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने हाथों से मेडल भी प्रदान किए। इस अवसर पर बुक ऑफ हाइलाइट्स नामक पुस्तक भी जारी की गई। विश्व. विद्यालय के बहुउद्देशीय खेल परिसर में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश हमारा है और इसकी चिंता भी हमें ही करनी होगी।उपराष्ट्रपति ने अपने दीक्षांत भाषण में इस समारोह की अहमियत बताते हुए कहा कि दीक्षांत अंत नहीं बल्कि एक शुरुआत है।

यह जिंदगी के एक फेज के पूरा होने और दूसरे फेज की शुरुआत, दोनों को दिखाता है। उन्होंने कहा कि ये ग्रेजुएट देश के भविष्य के आर्किटेक्ट के तौर पर काम करेंगे और भारत के डेवलपमेंट को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि डिग्रियां तो सिर्फ सर्टिफिकेट हैं, लेकिन सच्ची शिक्षा तो इंसानियत, चरित्र और जिम्मेदारी से झलकती है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ज्ञान अर्जन एक सतत प्रक्रिया है और कोई भी शक्ति उच्च शिक्षा की प्रगति को रोक नहीं सकती।

अपने संबोधन के समापन में उन्होंने सभी स्नातकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज प्राप्त डिग्रियां केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की नई शुरुआत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने द्वितीय विश्व युद्ध और कोविड-19 महामारी जैसी चुनौतियों के बावजूद अपनी शैक्षणिक परंपरा को बनाए रखते हुए प्रत्येक वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया है, जो विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कुलपति ने विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र और मानवता के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य "निष्ठा धृतिः सत्यम्" और राष्ट्र प्रथम को जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत बनाने का संदेश दिया।

समारोह के दूसरे चरण में मेडल और पुरस्कार प्राप्त करने वाले बाकी सभी विद्यार्थियों को डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा मेडल/ पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा सहित सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और हजारों विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।




उपराष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन 102वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

# निगम अवॉर्ड से सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एमसीडी गर्ल्स प्राइमरी स्कूल, ओल्ड सीमापुरी उर्दू फर्स्ट की शिक्षिका अजरा फातिमा को उत्कृष्ट कार्य के लिए निगम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आज विद्यालय परिसर में इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने मिलकर अजरा फातिमा को हार्दिक बधाई दी तथा एक छोटी सी पार्टी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हमारे माननीय डिप्टी डायरेक्टर शिव कुमार तथा सेकंड शिफ्ट के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार कमल एवं सरफराज अहमद बेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शकील अहमद सहित समस्त स्टाफ सदस्य- नाजिया खघन, आरिफा खघतून, फौजिया बेगम, शाहिना खातून, मा. आरिफ, अफसरा खघतून, हिना गफ्फार, नेहा, रुबीना बेगम, निशा खानम, नुजहत जहाँ, मारिया जैनब, हिना मलिक, मरयम हारून, सायमा बेगम, शादमा परवीन, निसार फातिमा, इरम शब्बीर, असबा रहमान, मोहम्मद आकिफ, सदफ, आलमा, ज्योति, किरन, पारुल जैन एवं नीतू सरन उपस्थित रहे।

डिप्टी डायरेक्टर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यालय के शिक्षकों के कार्यों की सराहना की तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# 10 साल में पेशेवरों को प्रशिक्षित कर 15 लाख से अधिक लोगों की सेवा का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारत की पुनर्वास और समावेशी स्वास्थ्य अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सेंट मैरीज रिहैबिलिटेशन यूनिवर्सिटी (SMRU) की स्थापना हैदराबाद में तेलंगाना स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटीज एक्ट के तहत की गई है। भारत की पहली पूर्णतः एकीकृत रिहैबिलिटेशन यूनिवर्सिटी के रूप में परिकल्पित SMRU का उद्देश्य पुनर्वास शिक्षा, क्लिनिकल सेवाओं, अनुसंधान और मानव संसाधन विकास के बीच मौजूद महत्वपूर्ण अंतरालों को दूर करना है। ऐसे समय में, जब भारत फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, स्पीच-लैंग्वेज



पैथोलॉजी, रिहैबिलि टेशन साइकोलॉजी, विशेष शिक्षा और अन्य सहयोगी क्षेत्रों में प्रशिक्षित पेश. ेवरों की गंभीर कमी का सामना कर रहा है, SMRU एक एकीकृत संस्थागत मॉडल प्रस्तुत करता है, जो अकादमिक उत्कृष्टता को गहन क्लिनिकल अनुभव के साथ जोड़ता है।

विश्वविद्यालय की स्थापना समावेशी विकास के संवैधानिक दायित्व और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (RPWD Act) के उद्देश्यों के अनुरूप है।

# कला प्रदर्शनी में पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अकत्वा आर्ट्स फाउंडेशन के द्वारा थ्रेड्स ऑफ फ्री डॉम अ जर्नी फ्रॉम सॉइल टू सोल नामक राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन 24 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक गांधी दर्शन आर्ट गैलरी, राजघाट , नई दिल्ली में गांधी स्मृति एवं गांधी दर्शन समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है।

इस अवसर पर लेखिका सविता जैन सावी द्वारा लिखित "तीसरा जहाँ" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया गेस्ट सन्दीप कपूर, चेयरमैन, डी ई एम एस कमिटी, एमसीडी ,दिल्ली एवं मिसेज साधना लक्ष्मनराव जाधव डायरेक्टर इफको ने अपने सम्बोधन मे कलाकारों की प्रसंशा करते हुए कहा की कलाकार देश और समाज को अपनी कला के माध्यम से



जागरूक करने का काम करते है। यह प्रदर्शनी ट्रेडिशन और इना. ेवेशन, इंडिविजुअलिटी और कलेक्टिव स्पिरिट के बीच एक वाइब्रेंट डायलॉग के तौर पर सामने आती है, इस प्रदर्शनी का क्यूरेशन सलोनी वाधवा द्वारा किया गया है, उनके मार्गदर्शन में यह प्रदर्शनी विविध कला-धाराओं को एक साझा मंच प्रदान करती है।

## ऑटो लिफ्टर को पकड़ा


**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के पहाड़ गंज थाने ने एक ऑटो लिफ्टर को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 25 जनवरी को पहाड़ गंज थाने के तहत एक ई एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत करनेवाले ने बताया कि उसकी बाइक राहुल गेस्ट हाउस, पहाड़गंज, के पास बसंत रोड से खड़ी बाइक गायब हो गई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएचओ पहाड़गंज की देखरेख में एएसआई राकेश, हेड कांस्टेबल जगवीर, कांस्टेबल दीपक और कांस्टेबल पुनीत की टीम बनाई गई।टीम ने घटनास्थल पर और आस-पास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। इसके अलावा लोकल इंटेलिजेंस नेटवर्क को एक्टिवेट कर सीक्रेट इन्फॉर्मर भी तैनात किए गए।

# षड्यंत्र के खिलाफ संघर्ष की कहानी सी 1000

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एसवी क्रियेशन ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिशन सी 1000 : हिंदु आतंकवाद को 6 मार्च को पूरे भारत में प्रदर्शित करने की घोषणा की है। यह रोमांच और देशभक्ति से भरपूर कथा प्रधान फिल्म तेलुगु, हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में एक साथ प्रदर्शित की जाएगी।

फिल्म का लेखन, निर्देशन और मुख्य भूमिका तेजेश्वर ने निभाई है। कथा का केंद्र राम नामक युवक है, जो एक अत्याधुनिक वैज्ञानिक सूत्र को दुष्ट तत्वों से सुरक्षित रखने का दायित्व निभाता है। यह सूत्र नायिका के पिता द्वारा विकसित किया गया है,



जिस पर राष्ट्रविरोधी शक्तियों की नजर है। राम इस षड्यंत्र को विफल कर देश की प्रतिष्ठा और अखंडता की रक्षा के लिए संघर्ष करता है।

फिल्म में प्रज्ञा नयन, कबीर दुहान सिंह, संजय पांडेय, जया प्रकाश और अन्य कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, जबकि काली चरण महाराज का विशेष अभिनय भी दर्शकों को आकर्षित करेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# 100 युवकों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## दो गिरफ्तार, विदेश में नौकरी का देते थे झांसा, प्रोसेस के नाम पर लेते थे दो से ढाई लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग 100 से ज्यादा लोगों से 70 लाख की ठगी कर चुके है। प्रोसस के नाम पर एक-एक व्यक्ति से करीब ढाई लाख रुपए तक वसूल किए। इनके पास से काफी डेटा भी मिला है। इनके नाम नियाज अहमद उर्फ अरमान निवासी महारा. जगंज दिल्ली और राजू शाह निवासी सीवान, बिहार हुई। इनके पास से नौ भारतीय पासपोर्ट, चार मोबाइल फोन, 73,500 रुपये नगद बरामद किए गए।



तमिलनाडु के त्रिचुरापल्ली निवासी श्री तिरूमूर्ति ने नोएडा पुलिस से संपर्क किया। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात जालसाजों ने उसे विदेश में नौकरी का विज्ञापन दिखाकर लगभग डेढ़ लाख रुपए ठग लिए है। प्रोसेस को नाम पर और पैसा मांग रहे है। उसे रकम लेकर सेक्टर-94 स्थित सुप. रनोवा बिल्डिंग के पास बुलाया गया है।जानकारी मिलते ही पुलिस ने प्लानिंग की। सेक्टर-126 की पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई और घेराबंदी की। योजना के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दोनों को वाट्सऐप कॉल करके बुलाया। दोनों सफेद रंग की टाटा नेक्सन कार से आने की बात कही। करीब 20 मिनट बाद जैसे ही कार पहुंची, पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए डीएमआई टी-प्वाइंट पर वाहन को रोक लिया। दोनों को गिरफ्तार किया।

**विदेशी कंपनी के नाम पर बनाते विज्ञापन:** दोनों लोग विदेशी कंपनियों के नाम पर फर्जी जॉब विज्ञापन तैयार करते है। इसमें ऊंची सैलरी, फ्री वीजा, टिकट और तत्काल जॉइनिंग का लालच दिया जाता है। इस विज्ञापन को व्हाट्सएप, टेलीग्राम और फेसबुक पेज पर विज्ञापन करते है। इन दोनों ने ' फ्यूचर लाइट मैनपॉवर' नामक की एक कंपनी खोली थी जिसके जरिए ये पूरा ठगी की जा रही थी।

**संपर्क होने पर ठगी शुरू:** एक बार संपर्क करने पर ये लोग लोगों को लुभावना आफर देते। इसके बाद प्रोसेस के नाम पर उनके दस्तावेज मंगवाकर उनको फर्जी टिकट, ऑफर लेटर भेजते। फिर प्रोसेसिंग फीस, वीजा चार्ज, मेडिकल और एम्बेसी अप्रूवल के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती थी। ये रकम प्रति व्यक्ति दो से ढाइ लाख तक होती है।

# नाइजीरियन किरायेदार ने डिलीवरी बॉय को पीटा, निवासियों का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाईराइज सोसाइटी में विदेशी नागरिक पर मारपीट का आरोप लगा है। थाना बिसरख क्षेत्र की समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू हाउसिंग सोसायटी में एक नाइजीरियन किरायेदार ने डिलीवरी बॉय पर हमला कर दिया। आरोप है कि डिलीवरी बॉय ने पैसे की मांग की, जिस पर विदेशी युवक भड़क गया और उसे जमकर पीटा।

परिसर में रहने वाले अन्य लोग मदद के लिए पहुंचे तो उसने उन सबके साथ भी दुर्व्यवहार किया। इससे क्रोधित होकर निवा. सियों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत किया। गुस्साए निवासियों ने उस नाइजी. रियन को सोसायटी से बाहर निक. ालने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही पुलिस को औपचारिक शिकायत सौंपी। सोसायटी में रहने वाले स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि टावर एम के फ्लैट नंबर-102 के मालिक ने परिवार को घर देने का बहाना बनाकर एक नाइजीरियन युवक को फ्लैट किराए पर दे दिया। इसकी जानक. ारी मेंटेनेंस टीम को नहीं दी गई। आरोप है कि पहले उसे कैंसर रोगी बताया गया, लेकिन बाद में वह परिवार सहित रहने लगा। पिछले एक वर्ष में यह नाइजीरियन किरायेदार कई निवासियों से बद्तमीजी और मारपीट कर चुका है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को एक डिलीवरी बॉय से झगड़ा किया और बीच-बचाव में आए निवासियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया। आरोप लगे हैं कि यह नाइजीरियन किरायेदार सोसायटी के सार्वजनिक क्षेत्रों में खुलेआम धूम्रपान करता है। गुरुवार रात की घटना में भी उसने डिलीवरी बॉय से कोई सामान मंगवाया, लेकिन भुगतान करने से इनकार कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि कहासुनी मारपीट में बदल गई।

इस संबंध में थाना बिसरख के थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला डिलीवरी बॉय और नाइजी. रियन युवक के बीच विवाद हुआ था। सोसायटी निवासियों ने किरायेदार से फ्लैट तत्काल खाली करने की मांग की है। पुलिस ने फ्लैट मालिक से बातचीत कर घर खाली कराने के लिए कह दिया हैं।

# युवती के सुसाइड केस में आया नया मोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-66 में 21 फरवरी को एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया। 27 फरवरी को मृतका की बहन ने थाना फेज-3 में तीन युवकों पर बहन को ब्लैकमेल , वीडियो वायरल की धमकी से परेशान करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया।।एडीसीपी आर के गौतम ने बताया कि पुलिस जांच में युवती को ब्लैकमेल करने के साक्ष्य नहीं मिले है,ना ही कोई आपत्तिजनक वीडियो मिला है। मामले में एक आरोपी ग्यासी को गिरफ्तार किया गया। बाकी दो की तलाश की जा रही है।

औरेया निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में नोएडा में दो बहनों और एक भाई के साथ रहती हैं। तीनों बहन सेक्टर-64 स्थित एक कंपनी में नौकरी करतीं। उनकी एक छोटी बहन को पिछले कुछ दिनों से ग्यासी राजपूत, प्रीति सैनी और विपिन यादव फोन कर परेशान कर रहे थे। वह उसे ब्लैकमेल कर कई बार रुपये भी ऐंठ चुके। युवती को उसकी छोटी बहन ने बताया कि आरोपियों के पास कुछ आपत्तिजनक वीडियो और फोटो हैं और वह उन्हें वायरल करने की धमकी दे रहे। शिकायतकर्ता ने आरोपियों से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने कानूनी कार्रवाई करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी।

# कारोबारी के घर पर दिनदहाड़े फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव में एक दूध कारोबारी के घर पर बाइक सवार चार बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग की। बताया जा रहा है कि पूर्व में हुए झगड़े को लेकर बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही। कासना कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सलेमपुर गांव में दूध कारोबारी बाबूराम परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार दोपहर बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने बाबूराम के घर पर फायरिंग की। पुलिस का दावा है कि घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसके चलते बड़ी घटना होने से टल गई।




हमलावर सीसीटीवी में कैद हुए हैं। जांच में पता चला है कि करीब चार महीने पहले बाबूराम के बेटे अभिषेक का पड़ोस में अपनी बहन के घर रहने वाले जौली गांव के एक युवक से झगड़ा हुआ था। आशंका है कि इसी मामले में दहशत फैलाने के लिए आरा. ेपी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसमें आरोपी गोली चलाते हुए दिख रहे हैं। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे।

# तीन सौ से अधिक छात्रों ने परीक्षा छोड़ी

**नोएडा।** जनपद में 60 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शनिवार को दो पालियों में हुई। इसमें 384 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में हाईस्कूल की संस्कृत की परीक्षा में 296 में से 277 छात्र शामिल रहें, 19 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी, इंटरमीडिएट की कृषि अभियंत्रण और पशुपालन की परीक्षा में 41 में से 2 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की संगीत की परीक्षा में 65 में से 3 छात्रों नें परीक्षा छोड़ी, जबकि इंटरमीडिएट की चित्रकला की परीक्षा में 5560 में से 5200 छात्रों ने परीक्षा दी, 360 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। केंद्र से परीक्षा देकर निकल रहे छात्रों ने बताया कि परीक्षा बेहद आसान रही। अधिकतम प्रश्न पाठ्यक्रम में से आए, इसके कारण परीक्षा में परेशानी नहीं हुई।

## एक नजर

### संवेदनशील इलाकों में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि त्योहारों में संवे. दनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में अपर पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने केंद्रीय शांति समिति की बैठक बुलाई। इसमें जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आए लोग शामिल हुए। पुलिस के अनुसार नोएडा जोन के नौ थानों में 49 बैठकें, सेंट्रल नोएडा के आठ थानों में 50 बैठकें और ग्रेटर नोएडा जोन के नौ थानों में 66 बैठकें आयोजित की गईं। इस तरह कुल 165 गोष्ठियां कर लोगों से संवाद स्थापित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या आपातकालीन नंबर पर दें।

### बातों में उलझाकर महिला के गहने ले भागा बदमाश

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर नौ स्थित सब्जी मंडी में बदमाशों ने बातों में उलझाकर एक बुजुर्ग महिला के गहने उतरवाकर फरार हो गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत फेज वन थाने की पुलिस से की है। सेक्टर-19 निवासी मिथिलेश देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 फरवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह सब्जी खरीदने मंडी गई थीं। जब वह सब्जी खरीद रही थीं,तभी एक युवक उनके पास आया और उन्हें एक पैकेट देने लगा। महिला ने मना किया, लेकिन उसने जबरन पैकेट हाथ में थमा दिया। पैकेट लेते ही महिला को चक्कर आया और वह कुछ समय के लिए बेसुध हो गईं।

होश आने पर वह घर पहुंचीं। घर के नीचे सामान उतारते समय उन्हें पता चला कि उनके हाथ की सोने की अंगूठी, कान के टॉप्स और गले की सोने की चेन गायब हैं। पैकेट खोलने पर उसमें सिर्फ 500 और 10 रुपये का नकली नोट व कागज निकले। सूचना पर फेज वन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### महिला का शव खाली भूखंड में पेड़ से लटका हुआ मिला

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के सिग्मा दो स्थित एक खाली पड़े भूखंड में शनिवार की सुबह पेड़ से एक महिला का शव लटका मिला। पुलिस का दावा है कि महिला ने घरेलू कारणों से परेशान होकर आत्महत्या की है। पुलिस के मुताबिक नट मड़ैया गांव में 48 वर्षीय महिला बबली परिवार के साथ रहती है। महिला के पति की करीब दो साल पहले मौत हो गई थी। परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि महिला दो दिन पहले गुलावठी सिकंदराबाद अपने मायके गई थी। इसके बाद वहां से शुक्रवार को वापस लौट आई लेकिन, महिला घर नहीं पहुंची। महिला ने घर के समीप एक खाली भूखंड में पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। सेक्टर में काम करने वाली एक घरेलू सहायिका ने शनिवार की सुबह महिला का शव पेड़ से लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि महिला ने पारिवारिक कारणों के चलते आत्महत्या की है। हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसके चलते सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में चार आरोपियों की जमानत खारिज

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** थाना दनकौर क्षेत्र में हत्या के मामले में चार आरोपियों मोहित, सोनू, मनोज उर्फ मुन्नू और मनीष की जमानत अर्जी को अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि अपराध की गंभीरता और उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए जमानत देने का पर्याप्त आधार नहीं बनता। अभियोजन के अनुसार, वादी वीरेन्द्र ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि 11 सितंबर 2025 की रात करीब आठ बजे केशव अपने चचेरे भाइयों गौरव और अनुज के साथ मनीष प्रजापति के घर गया था। जहां पड़ोसियों के बीच विवाद हो रहा था। बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें गौरव, अनुज और केशव घायल हो गए थे। गौरव के सिर और दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में मोहित समेत कई लोगों को नामजद किया गया था। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि आरोपी को रंजिशवश फंसाया गया है।

# चार साल का बच्चा नहर में डूबा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार शाम चार साल का बच्चा नहर में गिरकर डूब गया। घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव की है। देर रात तक स्थानीय पुलिस और परिजन बच्चे की तलाश में जुटे रहे, लेकिन शनिवार सुबह तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम को सूचना दी है। गांव निवासी इसरार का बेटा अदनान (4) शुक्रवार शाम अपने बड़े भाई के साथ घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान गंग नहर में एक नारियल बहता हुआ दिखाई दिया, जिसे पकड़ने के लिए बड़ा भाई नहर में उतर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अदनान नहर के किनारे खड़ा था और अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वो नहर में गिर गया।

# यमुना सिटी में विकसित होने वाले एमआरओ हब को नई गति मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के दूसरे चरण में विक. सित होने वाले एमआरओ (मेंटीनेंस, रिपेयरिंग एंड ओवरहॉलिंग) हब को नई गति मिलेगी। सिंगापुर और जापान की कई कंपनियों ने यमुना सिटी में निवेश की इच्छा जताई है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिंगापुर व जापान के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों से मुलाक. ात की थी। प्रतिनिधिमंडल में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह भी शामिल थे।

यह दौरा काफी रहा। अधिकारी के मुताबिक सिंगापुर की प्रमुख विमानन मेंटीनेंस कंपनी एसआईए इंजीनियरिंग ने यमुना सिटी में निवेश की इच्छा जताई है। अब आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सिंगापुर एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज ने भी कार्गो हैंडलिंग क्षेत्र में निवेश की सहमति जताई है।

डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर, सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी और ब्लैक स्टोन जैसी संस्थाओं ने यमुना सिटी में संभावनाएं तलाशने की बात कही है। मैपल ट्री लॉजिस्टिक ट्रस्ट ने यहां यूनिट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किया है। जापान दौरे के दौरान जेट्रो ने जापानी इंडस्ट्रियल सिटी विकसित करने में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। वहीं होंडा मोटर कंपनी, सुजुकी मोटर कारपोरेशन, और कोबोटा कारपोरशन सहित कई कंपनियों ने निवेश योजनाएं प्रस्तुत कीं।

# जोमैटो पर नकली ब्रांड की मिठाइयों से ठगी, आईएएस अधिकारी भी बने शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में होली के मौके पर मिलावटखोरों ने ई-कॉमर्स साइट जोमैटो का फायदा उठाकर हल्दीराम, बीकानेर, मिठास और हीरा स्वीट्स जैसे बड़े ब्रांड से मिलते-जुलते नाम इस्तेमाल करके घटिया मिठाइयां बेचीं। ये मिठाइयां न सिर्फ महंगी हैं बल्कि घटिया क्वालिटी की भी हैं, जिनमें चांदी के वर्क की जगह एल्युमिनियम प्लेटिंग का इस्तेमाल किया गया है।

शहर में तैनात एक आईएएस अधिकारी भी मिलावटखोरों के जाल में फंस गए, जिससे मामले का खुलासा हुआ। मामले की जानकारी फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और पुलिस को दी गई। जोमैटो ने तुरंत संबंधित कंपनी को अपनी वेबसाइट से हटा दिया। फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने जोमैटो से बेचने वाले की पूरी डिटेल मांगी है। हालांकि, जोमैटो ने भी तुरंत संबंधित फर्म को हटा दिया है।

दरअसल, शहर में तैनात एक आईएएस अधिकारी ने हल्दीराम से मिठाई ऑर्डर की थी। ऑर्डर पूरा करने की जल्दबाजी में उन्होंने हल्दीराम की जगह हल्दीराम नाम की फर्म से घ4629.87 की मिठाई ऑर्डर कर दी। मामला तब और बिगड़ गया जब पै अधिकारी को मिठाई पहुंचाने वाला डिलीवरी बॉय बदल गया।

डिलीवरी के समय, मिठाई के डिब्बे पर कोई ब्रांड का नाम नहीं था, रेट हल्दीराम से ज्यादा थे और कोई बिल भी नहीं दिया गया था। अधिकारी ने मिठाई लेने से मना कर दिया और जोमैटो, पुलिस और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट से शिकायत की, जिससे यह धोखाधड़ी सामने आई। इसी तरह की कई और फर्म अलग-अलग ई-कॉमर्स साइट और फूड ऐप पर लिस्टेड हैं। हमें इनसे सावधान रहने की जरूरत है। कस्टमर अच्छी क्वालिटी की फूड डिलीवरी के लिए जोमैटो, स्विगी और दूसरे पॉपुलर ऐप पर भरोसा करते हैं। कस्टमर को लगता है कि उन्हें असली प्रोडक्ट मिल रहा है, लेकिन डिलीवरी के समय उन्हें धोखाधडी का पता चलता है। असिस्टेंट फूड कमिश्नर II सर्वेश मिश्रा ने बताया कि इस मामले में मिठाई के सैंपल लिए गए हैं। जोमैटो से संबंधित फर्म के बारे में पूरी जानकारी मांगी गई है। नामी ब्रांड की आड़ में घटिया मिठाई देने वालों के खघ्लिाफ कड़ी जांच और कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कस्टमर को भी सतर्क रहने की सलाह दी।

# डीएनडी पर दिल्ली से लौटने वाले वाहन जाम में फंस रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा से दक्षिणी दिल्ली को जोड़ने वाले डीएनडी पर जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर दिल्ली से नोएडा की ओर आते लोगों को सुबह-शाम लंबे जाम में फंसना पड़ रहा है। फिल्म सिटी मार्ग पर उतरने वाले लूप की कम चौड़ाई होने की वजह से जाम लग रहा है। डीएनडी से रोजाना तीन-चार लाख वाहन निकलते हैं। इनमें से काफी वाहन चालक फिल्म सिटी मार्ग की ओर उतरने वाले लूप की ओर जाते हैं। यहां से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे होते हुए अलग-अलग स्थानों को जाते हैं।



फिल्म सिटी की ओर उतरने वाले इस लूप की चौड़ाई वाहनों की संख्या के हिसाब से कम है। एक बार में डेढ़ से दो लेन में ही गाड़ी निकल पाती है। इस वजह से जाम की समस्या हो रही है। ऐसे में पीछे की ओर टोल की तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। इन वाहनों की वजह से सीधे सेक्टर-3 रजनीगंधा अंडरपास की ओर जाने वाले वाहन चालक भी जाम में फंस रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी शाम के समय हो रही है।

व्यस्त समय में दो किलोमीटर तक टोल प्लाजा के पीछे तक वाहनों की लाइन लग रही है। इस हिस्से को पार करने में ही लोगों का एक घंटे जाम में बर्बाद हो रहा है। इसके बावजूद प्राधिकरण जाम कम करने को ठोस कदम नहीं उठा रहा। लोग सीधे तौर के अलावा सोशल मीडिया के जरिए जाम की समस्या को बयां कर रहे हैं।

**योजना बनने के बाद पूरी नहीं हुई:** फिल्म सिटी मार्ग की ओर उतरने वाले लूप को चौड़ा करने के लिए एक अतिरिक्त लेन बनाने की योजना तैयार की गई। इसके अलावा फिल्म सिटी मार्ग पर ऊपर की ओर बना पुल को भी चौड़ा किए जाने की जरूरत है। प्राधिकरण ने एक एजेंसी के जरिए इसका सर्वे भी कराया। सर्वे में सामने आया कि लूप के लिए यहां खाली जगह में एक लेन बनाई जा सकती है। इन प्रयोग से जाम में कमी आती, लेकिन योजना पूरी तरह बनने से पहले ही बंद हो गई। अब करीब छह महीने से भी अधिक समय से प्राधिकरण ने इस योजना को पूरा कर काम शुरू करने के लिए कोई कदम नहीं बढ़ाया है।

डीएनडी की ओर चढ़ने वाले लूप के पास भी जाम नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे की ओर से आते समय डीएनडी पर चढ़ने वाले लूप के पास चौड़ाई कम है। इसकी वजह से यहां भी जाम की समस्या हो रही है। पीछे की ओर दलित प्रेरणा स्थल के सामने वाहनों की लाइन पहुंच जाती है।

# डीजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकेंगे लोग

**नोएडा।** शहर में होली का त्योहार मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। रंग और गुलाल की खरीदारी के साथ थिरकने के लिए डीजे और ढोल-नगाड़ों की भी व्यवस्था की जा रही है। शहर में आठ सौ से अधिक स्थानों पर लोग त्योहार मनाने की तैयारी है। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा। सेक्टर-15 के सामुदायिक केंद्र परिसर और पार्क में होली पर्व पर लोग जमकर थिरकेंगे। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुमेर सिंह रावत ने बताया कि सेक्टर में हर्बल रंगों के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा।

केमिकल रंगों का पूरी तरह बहिष्कार किया गया। वहीं, पौधे लगाकर पर्यावरण संक्षरण का संदेश भी दिया जाएगा। सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि सेक्टर के लोग गुलाल के साथ चंदन और फूलों से होली खेलेंगें। ब्रज के कलाकार को प्रस्तुति देने के लिए बुलाया गया है। यह कार्यक्रम सामुदायिक केंद्र सुबह दस बजे दो बजे तक होगा। इसके बाद पार्क में पौधे भी लगाए जाएंगे। पूरी साल इसके संरक्षण करने का संकल्प लिया जाएगा। सेक्टर-75 गोल्फ व्यू सोसाइटी में भी सामूहिक रूप से होली मनाया जाएगा। कुछ लोग फेसबुक से लाइव कार्यक्रम से जुड़ेंगे। सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए के महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि आरडब्ल्यूए पदाधिकारी पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर होली मनाएंगे। जल संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा।

# जिले में ओटीएस का 45 प्रतिशत लोग लाभ उठा सके

**नोएडा।** जिले में विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) शनिवार को समाप्त हो गई। तीन चरणों में लागू की गई योजना का 45 प्रतिशत उपभोक्ता ही लाभ उठा सके । विद्युत निगम ने दिसंबर 2025 में योजना शुरू की थी। जिले में 47 हजार पांच सौ बकायेदार उपभोक्ता चिन्हित किए थे। इन पर विद्युत निगम का 191 करोड़ रुपये बकाया था। इसमें सात हजार उपभोक्ता ऐसे भी शामिल थे, जिन्होंने कभी बिल जमा ही नहीं किया। करीब 10 हजार उपभोक्ता, बिजली चोरी के मामलों में संलिप्त थे। विद्युत निगम के तमाम प्रयास करने के बावजूद 21 हजार उपभोक्ता ही योजना के तहत पंजीकरण करा सके । इनसे 47 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं बिजली चोरी के मामलों में संलिप्त 2550 उपभोक्ताओं ने ही योजना के तहत पंजीकरण कराया। इनसे साढ़े छह करोड़ रुपये का राजस्व मिला।

# पुलिस मुठभेड़, दो बदमाश घायल

## गोवध की साजिश के पांच आरोपी गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। जबकि गोवध की साजिश में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। रोनिजा कट के पास एक ऑटो को रो. कने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर ऑटो सवार बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें सैयद अमीन (35) निवासी शाहीनबाग, नई दिल्ली और गोरामिया (32) निवासी नूंह, हरियाणा गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मुठभेड़ के बाद कॉम्बिंग के दौरान तीन अन्य आरोपियों मुन्सर कमाल (24), मौ. बिलाल (23) निवासी नूंह, हरियाणा और पुष्पेंद्र कुमार (24) निवासी मदनपुर खादर, दिल्ली को भी गिरफ्तार किया गया। मौके से दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ऑटो के अलावा गोवध में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। इनमें दो चाकू, चार सिरिंज, चार इंजेक्शन की शीशियां, दो आरी ब्लेड, लोहे का नुकीला सरिया, दो मोहरे, रस्सी का टुकड़ा और चार खाली प्लास्टिक कट्टे शामिल हैं।।पुलिस के अनुसार, ये आरोपी थाना रबूपुरा क्षेत्र में पूर्व में गौवंश बरामदगी के एक मामले में गौवध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे। रबूपुरा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सभी पांचों आरोपियों को गौवध करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# दो दुकानों में लगी आग

## फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, कोई जनहानि नहीं हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-1 में दो अस्थायी दुकानों में भीषण आग लग गई। यह घटना शनिवार सुबह हुई ,सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

यह आग अरिहंत ऑर्डन सेक्टर-1 सोसाइटी के सामने बने स्थानीय बाजार की दो टीन शेड वाली दुकानों में लगी थी। आग लगने के बाद घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।पास में अन्य दुकान भी थी,आग तेज होता देख लोगों ने दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दमकल विभाग को 6:57 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना के बाद तीन अग्निशमन वाहन मौके के लिए रवाना किए गए, हालांकि आग बुझाने के लिए केवल एक वाहन की आवश्यकता पड़ी। अग्निशमन इकाइयों द्वारा आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है और किसी भी प्रकार की जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अधिशासी अधिकारी के बिगड़े बोल, कहा, तेरे बाप का नहीं है ऑफिस

## ईओ ने धरने पर बैठे नगर पालिका सदस्य को सिंघम वाले स्टाइल में धमकाया, वीडियो वायरल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वेतन न मिलने के विरोध में शनिवार को नगर पालिका के कर्मचारियों व सभासद संजय रूहेला के साथ नगर पालिका में धरना दिया। धरने के दौरान मौके पर पहुंचे ईओ ने सभासद को खुब खरी-खोटी सुनाई। नोक-झोक के दौरान ईओ ने सभासद को कहा कि यहां गुंडागर्दी ना कर ये तेरे बाप का आफिस नही है। यहां का हेड ऑफ डिपार्टमेंट मै हूं और जब तक यहां मेरी नियुक्ति है मेरा अधिकार है। इस कार्यालय का मालिक मै हूं। वह कर्मचारियों की वेतन की फाइल पर हस्ताक्षर कर चुकें है, मगर तेरे जैसे लोग कर्मचारियों को धरने पर लेकर बैठे है। तुम बड़े नेता हो, तुम खुद धरना देने के लिए कर्मचारियों को लेकर यहां आए हो। तुम नगरपालिका के कर्मचारियों को काम करने नही दे रहे हो। ईओं ने कहा कि तुम धरना देने के लिए कर्मचारियों को जबरन लेकर आए और नगरपालिका में धरने पर लेकर बैठे गए।

बागपत नगर पालिका के कर्मचारियों ने शनिवार को सभासद संजय रूहेला के साथ वेतन की मांग को लेकर नगर पालिका में धरना दिया। उन्होंने नगर पालिका में नारेबाजी कर वेतन का भुगतान कराने की मांग की। उनका कहना था कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने होली से पहले कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए है, इसके बावजूद नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है। होली का त्योहार आ गया है और रमजान का महीना चल रहा है। वेतन का भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर नगर पालिका के चक्कर लगाने के लिए विवश हो रहे है। धरने में पहुंचे ईओ केके खाड़ाना ने सभासद संजय रूहेला को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय अधिकारी मै हूं। तुम जबरन कर्मचारियों को धरने पर लेकर बैठे हो। यहां गुंडागर्दी ना कर, ये तेरे बाप का कार्यालय नहीं है। तुम इतने बड़े नेता नही हो कि यहां धरने पर बैठो। उन्होंने कर्मचारियों का वेतन नहीं रोका है। उन्होंने चेयरमैन का नाम लिए बगैर बोले कि जो कर्मचारियों का वेतन रोके बैठा है उसे कहने की तुझमे हिम्मत नहीं है। धरने में पहुंचे चेयरमैन राजुद्दीन ने ईओ पर पालिका में फर्जी कर्मचारियों की नियुक्ति करने का आरोप लगाया।

## ईख की पुआल को लेकर में दो पक्षों मारपीट, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में ईख की जलती पुआल को रोकनें के लिए दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें महिला सहित तीन घायल हो गये। दोनो पक्षों ने थानें पहुंच एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

ढिकोली निवासी ओमवीर पुत्र सुबेसिंह और नरेन्द्र पुत्र जोधा के खेत पास पास है, ओमबीर ने बताया कि नरेन्द्र के ईख के खेत से जलती हुई ईख की पती उसके खेत में आ रही थी जिससे वह मना करनें पहुचे तो पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई बाद में मारपीट में बदल गयी जिसमें दोनो पक्षों से ओमबीर, बबली व कविता घायल हो गये दोनो पक्षों ने थानें पहुंच एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।







## ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पिलाना चमरावल मार्ग पर एक लकड़ी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया जिसमे चालक घायल हो गया।

राजस्थान निवासी अनिल कुमार ट्रक चालक है वह हरियाणा से लकड़ी लेकर चमरावल जा रहा था जब वह पिलाना चमरावल मार्ग पर बनिया वाली के मोड़ के समीप पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया जिसमें चालक घायल हो गया।



## दीपक मलिक बने किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किरठल गांव निवासी दीपक मलिक को किसान मजदूर संगठन का तहसील अध्यक्ष बडौत मनोनीत किया गया। दीपक मलिक की नियुक्ति किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष काल. ूराम हिलवाडी ने की है उन्हें आज संगठन की टोपी व पटका पहनकर मनोनीत लेटर देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया। किरठल गांव में कार्यक्रम में पहुंचे किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक ने कहा कि किसान मजदूर संगठन का जनाधार दिन प्रतिदिन परिवार की तरह बढ़ता जा रहा है जिसकी सदस्यता के लिए गांव-गांव जाकर संगठन से लोगों को जोड़ा जा रहा है। आज किरठल गांव में भारी संख्या में किसानों को संगठन से जोड़ने का काम किया गया। इस मौके पर कफी संख्या में किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



## स्वयंसेविकाओं ने किए गीले, सूखे कचरे के पृथक्करण के आकर्षक जागरूकता पोस्टर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार के सात दिवसीय विशेष शिविर का पाँचवाँ दिन पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और वैज्ञानिक चेतना अभियान थीम के अंतर्गत उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनएसएस गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात प्रथम सत्र में वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। स्वयंसेविकाओं ने गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व को रेखांकित करते हुए आकर्षक जागरूकता पोस्टर तैयार किए। इसके उपरांत बस्ती में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों को गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने, कागज, प्लास्टिक एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य वस्तुओं को पृथक करने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कई स्थानों पर नागरिकों द्वारा कचरा पृथक्करण की सकारात्मक पहल देखने को मिली। द्वितीय सत्र आज का मुख्य आकर्षण रहा, जो आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा पर केंद्रित था। फायर स्टेशन प्रभारी सोनू कुमार अपनी टीम सहित शिविर में उपस्थित हुए। फायर विभाग की टीम ने आग के विभिन्न प्रकारों तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी और विभिन्न अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। फायर डिमॉन्स्ट्रेशन के दौरान छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया तथा स्वयं उपकरण चलाकर आग बुझाने की प्रक्रिया सीखी, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं आपात स्थिति से निपटने की क्षमता का विकास हुआ। विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वैज्ञानिक सोच एवं जिज्ञासा का परिचय दिया। शिविर प्रभारी डा.इंदु ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी, आपदा सजगता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## पुलिस ने चेकिंग के दौरान युवक को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत की।

पुलिस टीम खेकड़ा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान हरबीर पुत्र लीलू, निवासी ग्राम सुन्हैड़ा, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत के रूप में बताई। पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। बरामदगी के आधार पर खेकड़ा थाने में आरोपी के खिलाफआयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## पिछले दो महीने में 2 करोड़ से अधिक ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन साइबर ठग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने तीन पश्चिम बंगाल के रहने वाले साइबर ठग गिरफ्तार किए हैं जिन्होंने देश के अलग-अलग हिस्सों में पिछले दो महीने में 2 करोड़ से अधिक ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। बागपत में हुई ठगी के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया था और इन तीनों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने प्रेस वार्ता करते हुए इस पूरी घटना का खुलासा किया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के मामले में विस्तृत जानकारी दी है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा ऑनलाइन एक फर्जी कंपनी बनाकर शेयर मार्केट इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर लोगों को ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। शेयर मार्केट में पैसे कमाने के लुभाने लाल आज देकर अपने साथ लोगों को जोड़ने थे और इन्वेस्टमेंट के नाम पर रखा बैठने के बाद उन्हें ब्लॉक कर देते थे देश के अलग-अलग हिस्सों में इन्होंने दो करोड़ से अधिक की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। दिल्ली गुजरात केरल महाराष्ट्र पश्चिम बंगाल सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में इन्होंने ठगी की वारदात को अंजाम दिया और पोर्टल पर उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई गई बागपत के बड़ौत मुकुल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और उनकी तलाश शुरू कर दी थी। फिलहाल पुलिस ने नहीं गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहित अनुराग और विवेक के रूप में हुई है जो कि पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। उनके कब्जे से आठ मोबाइल फोन एक लैपटॉप 18 एटीएम एक क्रेडिट कार्ड दो ड्राइविंग लाइसेंस एक प्रिंटर तीन आधार कार्ड 10 विभिन्न मोहर 18 चेक बुक फर्जी कंपनियों से संबंधित कागजात एक मोटरसाइकिल और एक कर बरामद की है। इनके दो साथ इस मामले में अभी फरार चल रहे हैं जिनकी बागपत पुलिस तलाश कर रही है और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्हें भी जल्द ही गिर"तार कर लिया जाएगा।

## जिला पंचायत में विकास कार्यो को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला पंचायत कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बागपत के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

बैठक में 15 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए थे। हालांकि, इन प्रस्तावों पर चर्चा के बजाय, सदस्यों ने पिछली परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि जिला पंचायत चुनाव नजदीक हैं, लेकिन पिछले बोर्ड के विकास कार्य अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने मांग की कि इन कार्यों को चुनाव से पहले पूरा किया जाए, अन्यथा वे अधिकारियों के कार्यालय पर धरना देंगे। एक अन्य जिला पंचायत सदस्य बसंत तोमर ने भी अधिकारियों पर जमकर निशाना साधा। सदस्यों ने आरोप लगाया कि जिला पंचायत के अधिकारी अपने चहेतों को टेंडर देते हैं और बागपत में अभी तक कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वे लगातार चल रहे भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में जिला पंचायत का नाम बदलने का प्रस्ताव भी रखा गया। प्रस्ताव के अनुसार, जिला पंचायत का नाम (चौधरी चरण सिंह जिला पंचायत) रखने का सुझाव दिया गया।



## थाना समाधान दिवस में 3 शिकायतें प्राप्त, कोई निस्तारण नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाने में शनिवार 28 फरवरी को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर थाना पहुंचे और अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं।

कार्यक्रम में खेकड़ा क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया व थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों की जानकारी ली। इस दौरान राजस्व विभाग से क्षेत्र के अलग अलग गांव के लेखपाल मोजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जो सभी राजस्व विभाग से संबंधित पाई गईं। हालांकि मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने बताया कि मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। इस अवसर पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही।

## युवा संसद में प्रथम रहा निवाड़ा का होनहार ईनाम, अब लखनऊ विधानसभा में करेगा गर्जना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन जनता वैदिक डिग्री कॉलेज में हुआ जहां बागपत के युवाओं ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने विचार रखे। हर प्रतिभागी को तीन मिनट का समय दिया गया, लेकिन उन तीन मिनटों में युवाओं ने जो आत्मविश्वास दिखाया, उसने सभी को प्रभावित कर दिया। किसी ने लोकतंत्र की ताकत पर बात की, किसी ने नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया, तो किसी ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता जागरूक नागरिकों से होकर जाता है। जनपद के विभिन्न गांवों से आए




छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को लोकतांत्रिक उत्सव का रूप दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बागपत सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने किया। उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा जब युवा आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के विचारों को महत्व दे रही है और चाहती है कि देश का भविष्य युवाओं की सोच के साथ तय हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन हर बार युवा शक्ति ने देश को आगे बढ़ाया है। भारत सरकार के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रधानमंत्री के समक्ष टीम उत्तर प्रदेश की अगुवाई कर चुके ग्रुप कैप्टन अमन कुमार के कार्यों की प्रशंसा की एवं युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को एक बड़ी सौगात देते हुए संसद भवन आकर लोकतंत्र को करीब से समझने का आमंत्रण दिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, तार्किकता, बोलने की शैली, आत्मविश्वास और प्रभाव के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल ने कहा कि इस बार युवाओं की तैयारी और सोच बेहद परिपक्व रही। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता रहे इनाम उल हसन ने अपने भाषण में कहा कि आपातकाल ने भारतवर्ष को एक संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाए रखने के लिए दृढ़संकल्पित रहने की सीख दी। वहीं द्वितीय स्थान सुषमा, तृतीय स्थान सपना राणा, चतुर्थ स्थान शिवम दांगी और पंचम स्थान सपना ने हासिल किया। चयनित विजेता अब राज्य स्तर पर लखनऊ विधानसभा में बागपत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एक नजर

### जनगणना-2027-वर्ष 1872 से अब तक 16 वीं व स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना हेतु प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आगामी जनगणना- 2027, वर्ष 1872 से चली आ रही निर्बाध परंपरा के क्रम में 16वीं जनगणना तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर और वार्ड स्तर पर प्राथमिक डाटा का एकमात्र स्रोत है और सुविधाओं, जनसांख्यकी, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, शहरीकरण, शिक्षा, भाषा, धर्म, आर्थिक गतिविधि, प्रवास और प्रजनन क्षमता पर व्यापक जानकारी प्रदान करता है। जनगणना संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत एक संघ सूची का विषय है और यह जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना अधिनियम, 1990 (समय-समय पर संशोधित) द्वारा शासित है। आगामी जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी- चरण 1- मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एच.एल.ओ)- 22 मई 20 जून 2026 में 30 दिन की अवधि। चरण 2-जनसंख्या और जाति की गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 व 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण दौर के साथ। पहली बार, जनगणना पूरी तरह से डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी, जिसमें स्व-गणना का भी प्रावधान होगा। इसके अतिरिक्त, दूसरे चरण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की जाति से संबंधित डाटा भी एकत्र किया जायेगा, जिसके लिए जनगणना निदेशालय से आए अधिकारी (जनगणना जिला प्रभारी बागपत शिप्रा गुप्ता (सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड ll) एवं अरुण कुमार (सहायक निदेशक) द्वारा जनगणना चार्ज अधिकारी सहित समस्त स्टाफ जो जनगणना करेंगे, को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अधिकारी द्वारा किसी भी जनगणना कर्मी को कोई भी जिज्ञासा या समस्या होने पर संपर्क करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि जनपद में अनुमानित प्रगणक ब्लाक की संख्या 2711 व प्रगणक की संख्या 2870 तथा सुपरवाईजर की संख्या 478 (अनुमानित) है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी महोदया के निर्देशानुसार एडीएम एफ/आर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### पुलिस ने जिलेभर में किया एक हजार लोगों को मुचलका पाबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** होली के त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने जिलेभर में एक हजार लोगों को मुचलका पाबंद किया है, जिनमें प्रधान और पूर्व प्रधान भी शामिल हैं। इन सभी को पांच-पांच लाख रुपये के मुचलके पर पाबंद किया गया है और रेड कार्ड जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि जिन गांवों में प्रधानी चुनाव, जमीन, डोलबंदी, रास्ता या अन्य पारिवारिक विवाद चल रहे हैं, उन्हें चिह्नित किया गया है। विवाद से जुड़े सभी व्यक्तियों को यह पाबंदी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिले को चार जोन और 11 सेक्टर में बांटा गया है। संवेदनशील गांवों में पुलिस की टीमें तैनात रहेंगी। एसपी ने स्पष्ट किया है कि यदि इन गांवों में शांतिभंग होती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली के मद्देनजर शांति समिति की बैठकें शुरू कर दी गई हैं। सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। एसपी ने चेतावनी दी है कि शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को जेल भेजा जाएगा। जिले में तीन प्रमुख स्थानों-गुफा वाले बाबा के मंदिर सरूरपुर कलां, चकबंदी देवता डौलचा और संतों का बाड़ा खेकड़ा में लगने वाले मेलों के लिए भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन सभी जगहों पर पुलिस टीमें तैनात की गई हैं और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी। जिले के आला अधिकारी लगातार भ्रमणशील हैं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। एसपी सूरज राय ने पुलिसकर्मियों को डयूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दो व्यक्तियों को रोका और उनकी तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से 32 पव्वे अवैध देशी शराब (यू.पी. मार्का) बरामद की गई। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स भी जब्त की। थाना खेकड़ा पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुशील पुत्र महेन्द्र सिंह और राजकुमार पुत्र सूरजपाल के रूप में हुई है। ये दोनों बागपत जनपद के खेकड़ा थाना क्षेत्र स्थित कस्बा रटौल के निवासी हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनीष चौहान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

सुभाषचन्द पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम आसिफपुर खडखडी हाल निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बडौत थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) के बड़े खेल मैदान (क्षेत्रफल लगभग 40 बीघा) तथा बिजरौल रोड़ स्थित गहरा मैदान (क्षेत्रफल लगभग 10 बीघा) के रख-रखाव हेतु न्यूनतम् 02 वर्ष के लिए निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 10 मार्च, 2026 सायं 04:00 बजे तक अपनी निविदाएं सीलबंद लिफाफे में महाविद्यालय कार्यालय में डाक / स्पीड पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से जमा करा दें।

**(डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह)**
**प्राचार्य**

**(वीरेन्द्रपाल सिंह)**
**अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति**

# मतदाता सूची में दो स्थानों पर नाम दण्डनीय अपराधः नवदीप रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

- उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर हुए सम्मानित
- जनपद में 61 प्रतिशत नोटिसों की सुनवाई पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा शनिवार को जनपद मेरठ भ्रमण के दौरान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण/समीक्षा बैठक की गई।

### सुनवाई केन्द्र का निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम ब्लॉक रजपुरा स्थित सुनवाई केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नोटिस सुनवाई केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण व्यवस्था एवं नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया गया। उनके द्वारा सुनवाई केंद्र पर उपस्थित नागरिकों एवं मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने गए तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने नोटिस सुनवाई केंद्र पर आने वाले नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने युवाओं विशेषकर महिलाओं से कहा कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वह आवश्यक साक्ष्य सहित फार्म-6 भरकर 6 मार्च, 2026 तक अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें, ताकि आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान बने हुए मतदाताओं को एक अतिरिक्त लाभ यह भी है कि उनके रिकॉर्ड आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तक सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद भी नये मतदाता तो बनेंगे परन्तु उनका रिकॉर्ड एसआईआर के तहत नहीं होगा, ऐसे में इस मौके को न गवाएं। उन्होंने मतदाताओं से अपील/आग्रह किया कि यदि किसी का वोट एक से अधिक स्थान पर है तो फार्म-7 भरकर स्वेच्छा से अन्य स्थानों से अपना नाम कटवा लें, यह एक दण्डनीय अपराध है जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित मतदाता का है।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ बैठक करके उन्हें नोटिस सुनवाई प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनके सुझाव लिए एवं एसआईआर प्रक्रिया में उनके द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना भी की। उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि सभी दलों के बूथ लेवल एजेण्ट ज्यादा से ज्यादा नये एवं युवा वोटर्स को जोड़ने का काम करें। राजनैतिक दलों द्वारा भी अपने सुझाव दिए गए।

### समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मतदाता सूची के अद्यतन कार्यों, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नोटिस सुनवाई की प्रगति, बुक ए कॉल विद बीएलओ तथा एनजीएसपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, नोटिस सुनवाई स्थल की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 6 मार्च तक कोई भी पात्र व्यक्ति फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। नए वोटर्स को जोड़ने हेतु भरे जाने वाले फॉर्म-6 में नागरिकों की साफ व स्पष्ट फोटो लगाई जाए। निर्देशित किया गया कि नये मतदाता जोडने हेतु जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जाये। फॉर्म भरने के दौरान आवेदक का पूरा पता और मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज करें। उन्होंने यह भी बताया कि 27 मार्च तक दावे-आपत्तियों पर सुनवाई की जाएगी तत्पश्चात 10 अप्रैल, 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नोटिस सुनवाई की प्रगति-समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि नोटिस सुनवाई के राज्य औसत 73 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद मेरठ में 61 प्रतिशत सुनवाई पूर्ण की जा चुकी है। उन्होने नोटिस सुनवाई में तेजी लाते हुये समय से सुनवाई पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### बीएलओ के साथ संवाद तथा सम्मान कार्यक्रम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा चौ. चरण सिंह स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित संवाद कार्यक्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 43-सिवालखास 44-सरधना 45-हस्तिनापुर (एस.सी) 46-किठौर, 47-मेरठ कैंट 48 मेरठ, 49-मेरठ दक्षिण के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजरों, ईआरओ तथा एईआरओ से मतदाता सूची के अद्यतन कार्य, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण एवं विलोपन से संबंधित कार्यों के संबंध में संवाद करते हुए कार्य में हो रही तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयों को जानने का प्रयास किया गया तथा एसआईआर जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यवाही करते हुये की गई मेहनत के लिए सराहना व्यक्त की। जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में जनपद की प्रत्येक विधान सभा के 10-10 अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ तथा 02-02 बीएलओ सुपरवाईजर को प्रशस्ति पत्र एवं पौंधा भेंट कर सम्मानित किया गया। बीएलओ द्वारा अपने अनुभव भी साझा किये गये। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर तथा बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा जो भी निर्देश दिये गये उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

### बुक ए कॉल विद बीएलओ/एनजीएसपी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईसीआईनेट ऐप तथा voters.eci.gov पद पर नागरिकों हेतु उपलब्ध बुक ए कॉल विद बीएलओ सुविधा के अंतर्गत बुक की गई कॉल के निस्तारण की समीक्षा भी की गई। उन्होंने बताया कि बुक ए कॉल में बीएलओ उपलब्धता में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। शिकायतों के निस्तारण हेतु एनजीएसपी में मतदाताओं द्वारा दिए गए फीडबैक में देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है।

## चौ. चरण सिंह कावड़ मार्ग पर अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** चौधरी चरण सिंह कावड़ मार्ग नंगला कुंभा स्थित एक ट्रक शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे अनियंत्रित होकर पलट गया जहां चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि चालक के छोटी-मोटी ही खरोच आई थी। सूत्रों के मुताबिक सतबीर निवासी बदायूं के एक गांव से ट्रक में भूसा लेकर आ रहा था जैसे ही वह चौधरी चरण सिंह कावड़ मार्ग नंगला कुंभा स्थित पहुंचा तो करीब 4 बजे उसका ट्रक सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और वह पलट गया। ट्रक पलटते ही चालक और परिचालक की पुकार मच गई गनीमत रही कि ट्रक चालक के मामल ही चोट आई। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को सकुशल पाकर राहत की सांस ली। पुलिस का कहना था कि गनीमत रहीं की ट्रक चालक और परिचालक सुरक्षित है उसके बाद थोड़ी सी गंग नहर पर जाम की स्थिति रही जहां सामान्य होकर ट्रैफिक गुजरता रहा वहीं देर शाम तक ट्रक चौधरी चरण सिंह मार्ग पर ही पड़ा था।

# अवैध हथियार तस्करी कर रहे गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मुर्गी फार्म और गुड़ सप्लाई की आड़ में अवैध हथियार तस्करी कर रहे गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने राधना से दबोच लिया। पकड़े गए तस्करों की निशानदेही पर पुलिस एक तमंचा, दो ग्राइंडर और एक कटर मशीन बरामदगी का दावा कर रही है। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दारोगा अतुल कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर चारपाई पर रखे तमंचे के फोटो वायरल हो रहे हैं। जो नंगला सलेमपुर स्थित शहजाद पहलवान पुत्र रईस के मुर्गी फार्म के बताए जा रहे हैं। बकौल इंस्पेक्टर मुखबिर ने बताया कि शहजाद पहलवान के दो हथियार तस्कर खालिद पुत्र जफरयाब निवासी नंगला सलेमपुर और आबिद पुत्र शहजाद निवासी शाहजमाल फिलहाल राधना साप्ताहिक पैंठ में मदरसे के सामने किसी ग्राहक के इंतजार में खड़े हैं। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम खालिद व शहजाद बताए। पकड़े गए युवकों से तलाशी में कुछ भी बरामद नही हुआ। पुलिस ने खालिद का मोबाइल लेकर जांच की तो उसमें चारपाई पर रखे तमंचे की फोटो मिल गई। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले ली। पुलिस युवकों को राधना चौकी पर ले गई। वहां दारोगा विनोद और शिवम कुमार उनसे घुमा-फिराकर बातचीत की तो दोनों युवक खुल गए। उन्होंने बताया कि नंगला सलेमपुर में शहजाद पहलवान




का मुर्गी फार्म है। ये फोटो वहीं का है। युवकों ने बताया कि शहजाद पहलवान हापुड़ से अवैध हथियार लाकर मुर्गी फार्म पर ग्राइंडर व कटर से उन्हें चमकाता है। फिर गुड़ के कार्टून में रखकर उन्हें सप्लाई कराता है। युवकों ने बताया कि उसके मुर्गी फार्म पर अब भी तमंचे मिल सकते हैं। पुलिस टीम युवकों को लेकर मौके पर पहुंची। जहां दोनों युवक फार्म में घुसे और स्लैब पर गुड़ की पेटी में से एक तमंचा 315 बोर निकाल लाए। तत्पश्चात दोनों आरोपियों ने स्लैब के नीचे से ग्राइंडर व कटर मशीन बरामद कराई। फार्म पर पुलिस रेड देख शहजाद पहलवान भाग गया। पुलिस पकड़े हुए दोनों आरोपियों को थाने ले गई। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने खालिद और शहजाद को जेल भेज दिया।

# मेरठ में पत्रकारों ने किया होली मिलन कार्यक्रम

- गायकों ने अपने गीतों से सबका लगाया दिल, कई ने किया डांस
- ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के आह्वान पर एकजुट हुए पत्रकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन व सर्वहित भारत के संयुक्त तत्वावधान में मेरठ के अपार चेंबर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो पत्रकारों में भाग लिया और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रभात राय ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी कलम के सिपाही एकजुट होकर भ्रष्टाचार वह तानाशाही का विरोध करें और अपनी कलम से सच्चाई लिखकर समाज को दर्पण दिखाएं। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन हरित, कानूनी सलाहकार



दीपक अग्रवाल एडवोकेट, लेखाकार रमेश चौहान प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान जिला अध्यक्ष संजीव तोमर आदि ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यक्रम के आयोजक मनोज कश्यप ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन व सर्वहित भारत की तरु से स्मृति चिन्ह देकर सभी पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेरठ के प्रसिद्ध गायक इमरान रफी डॉक्टर एम शान, रूपराम लोकेश कुमार आदि ने एक से एक प्रसिद्ध गीत गाकर सभी पत्रकारों को झूमने पर मजबूर किया वहीं फूल बरसा कर होली का आनंद लिया इस मौके पर द प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवि शर्मा, दिनेश चंद्र ,नरेंद्र शर्मा ने भी पहुंचकर लोगों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मनोज अंकित शर्मा राजकुमार मुकेश कुमार स्क शर्मा नंदकिशोर पीसी गौतम मोहन देव गौरव अरुण बसवाल, एवीएसठाकुर आदि मौजूद रहे।

## बाजार जा रहे युवक से छः रुपये लूटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मोहल्ला सैनियान निवासी पीड़ित से छः हजार रुपए की नगदी छीन ली। पीड़ित ने बदमाश को पहचान लिया उसके द्वारा थाने में नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कस्बे के मौहल्ला



सैनीयान निवासी राजेंद्र पुत्र सुखबीर मजदूरी का कार्य करता है दोपहर बाद करीब चार बजे वह अपने घर बहन रेखा से छः हजार रुपए लेकर नगर में कपड़ा खरीदने बाजार जा रहा था। जैसे ही वह नैडू रोड पर स्थित धर्मशाला के पास पहुंचा तो उसके पीछे से अचानक एक युवक ने उससे उक्त नगदी लूट ली तथा फरार हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई।पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है। बताया गया है कि आरोपी आए दिन आपराधिक वारदात अंजाम देता रहता है।

# पंचम फागुन महोत्सव में श्याम बाबा के भजनों से भक्तिमय हुआ नंद वाटिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नंद वाटिका स्थित खाटू वाली दीदी के दरबार में आज पंचम फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्याम बाबा के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ यह महोत्सव शाम आरती और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। खाटू वाली दीदी दरबार के मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नंद वाटिका में बाबा खाटू श्याम जी का भव्य पंचम कीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम जी का मनमोहक दरबार सजाया गया और उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक मनु पंजाबी और मधुबाला ने अपने मधुर भजनों से नंद वाटिका को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। मनु पंजाबी द्वारा प्रस्तुत भजन 'लेने आजा खाटू वाले रिंग्स के उस मोड़ पर' और 'मेरे सर पर रख बाबा अपने ये दोनों हाथ, देना हो तो दीजिए



जनम जनम का साथ' पर सभी श्याम भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाई। मधुबाला के भजनों पर श्याम भक्तों ने फूलों की होली खेलकर फागुन महोत्सव की खुशियां मनाई। खाटू वाली दीदी ने सभी श्याम भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस कीर्तन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सिद्धबली धाम के पीठाधीश्वर महंत दिलीप रावत (विधायक लैंसडौन) उपस्थित रहे। साथ ही मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल वरुण शर्मा और विजेंद्र सिंह डोभाल द्वारा पूजन कराया गया। मेरठ रत्न राहुल रस्तोगी (शिव दुलारी बिल्डर्स) ने बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया। संयुक्त व्यापार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज मित्तल द्वारा प्रसाद सेवा कराई गई, जबकि अमित गुप्ता (चेयरमैन रॉक लैंड इंटरनेशनल स्कूल) ने बाबा की इत्र सेवा की। विनोद शर्मा ने बाबा को छप्पन भोग लगाया। विशिष्ट अतिथियों में संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता, किसान मोर्चा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अजय भारद्वाज, सागर धानिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, गणेश अग्रवाल, सरदार जीतू नागपाल, सहित श्री सिद्ध बलि धाम मंदिर समिति के सभी सदस्य शिव प्रसाद पोखियाल, रविन्द्र नेगी, अनिल चावला आदि उपस्थित रहे। भजन संध्या में पहुंचे सभी अतिथियों का समिति के सदस्य सागर धानिया, प्रभात गोयल, अश्वनी गर्ग, राहुल प्रजापति, अंकित गुप्ता, आशीष धानिया और आशीष अग्रवाल, आशा, बेबी, दिव्या, परी, आयुष आदि द्वारा स्वागत किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का धूमधाम से हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देवनगरी महाविद्यालय में चल रहे बालक व बालिकाओं के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन धूमधाम से हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व ग्रामीणों अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक व पूर्व वरिष्ठ आईएएस प्रभात राय ने छात्र छात्राओं को देशभक्ति का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में जो आप लोग 7 दिन में कार्यक्रम आयोजित करते हैं उन्हें अपने निजी जीवन में भी लागू करें तथा अपने घर परिवार आसपास में स्वच्छता अभियान जल बचाओ कार्यक्रम वृक्षारोपण आदि लिए लोगों को जागरूक करें जिससे आपका आपके परिवार का और आपके विद्यालय का नाम रोशन होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभात राय ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, राष्ट्रीय संगठन



महामंत्री श्रीकांत अस्थाना राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी, एससी एसटी आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य नरेंद्र खजूरी आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने एक से एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा नशा मुक्ति जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर एक नया संदेश दिया शिविर में 50 बालक व 50 बालिकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।वहीं सराहनीय कार्य करने के लिए बालक व बालिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहीं कॉलेज के सचिव कुलदीप त्यागी व उपसचिव सचिन त्यागी ने सभी का माला पहनाकर व शाल उड़ाकर सम्मान किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनिल त्यागी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित शर्मा डॉक्टर अनीता देवी, रितु त्यागी, ऊषा त्यागी, निशा तेवतिया, अमन त्यागी, अभय कुमार, प्रशांत त्यागी, विकास कुमार, अनुज कुमार, मुकेश त्यागी आदि का सहयोग रहा।

# दशमेश पब्लिक स्कूल में मनाया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल के परिसर में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल के इस प्रांगण में आयोजित इस उत्सव में न केवल छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। बल्कि शिक्षकों ने भी होली के गीतों पर थिरक कर माहौल को और अधिक खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता व प्रधानाचार्य आमिर खान ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम के महत्व को दर्शाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा, कान्हा संग, होली नृत्य पेश कर सबका मन मोह लिया। सभी बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल एवं तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा। विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पानी की बर्बादी को रोकना चाहिए और रासायनिक रंग के स्थान पर हर्बल रंगों को ही प्रयोग करना



चाहिए ताकि हमारी त्वचा और प्रकृति दोनों सुरक्षित रहें। प्रधानाचार्य आमिर खान ने भी सभी को होली के मौके पर कहा कि यह त्यौहार समाज में प्रेम और सद्भावना के रंग बिखेरेने का त्यौहार है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, हर्षिका अरोड़ा, गुरजीत कौर, अमृतपाल कौर, स्वाति, प्रियंका, मोनिका, कोमल, खुशबू, हरप्रीत कौर, प्रभजोत कौर रेनू, लक्ष्मी आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

# चौ. बारु सिंह विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

- मुख्य अतिथि मनीषा अहलावत सहित फिल्म निर्देशक नितिन यदुवंशी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर स्थित चौधरी बारु सिंह विद्या मंदिर में शनिवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, उत्साहित विद्यार्थियों और गर्वित अभिभावकों की उपस्थिति से प्रफुल्लित दिखाई दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने विद्यालय की प्रगति और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। देशभक्ति, सामाजिक संदेश और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित नृत्य, नाटक एवं समूह गीतों ने सभी को भावविभोर कर दिया। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के क्लास टॉपर्स, स्टार




स्टूडेंट्स ऑफ द स्कूल तथा विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि मनीषा अहलावत द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष बात यह रही कि विजेता विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे परिवार और विद्यालय के बीच समन्वय और सहयोग की भावना और अधिक प्रगाढ़ हुई। साथ ही क्षेत्रीय मीडियाकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मोहित चौधरी, डायरेक्टर उदित चौधरी एवं प्रिंसिपल अनिल उर्फ नीरू चौधरी ने संयुक्त रूप से विद्यालय की उपलब्धियों, आगामी योजनाओं और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सुसंस्कृत मंच संचालन शीलू सैनी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संयमित और उत्साहपूर्ण संचालन से कार्यक्रम को ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इस अवसर पर मुंबई से पधारे फिल्म निर्देशक नितिन यदुवंशी, गढ़वाल विश्वविद्यालय से डॉ. संदीप उपाध्याय, मोहित सिंधु, सहित अध्यापिकाएं प्राची सैनी, शीतल सैनी, टीना, इल्मा, अंकिता चौधरी आदि व बड़ी संख्या में महिला अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, अनुशासन एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# भारत-विंडीज के बीच सेमीफाइनल की जंग आज

## कोलकाता में जीतने वाली टीम टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी




**कोलकाता, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच ईडन गार्डन्स में होने वाला नॉकआउट मुकाबला काफी दबाव वाला होने वाला है, जिसमें जीतने वाली टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी। इस करो या मरो वाले मुक.ाबले में, दोनों टीमों को पता होगा कि सिर्फ स्किल से नतीजा तय नहीं होगा, टेम्परामेंट, गेम अवेयरनेस और दबाव में एग्जीक्यूशन भी उतना ही जरूरी रोल निभाएंगे। जैसा कि वर्ल्ड कप नॉकआउट क्रिकेट में अक्सर होता है, मैच का फैसला शायद इस बात से होगा कि कौन सी टीम मुश्किल पलों को बेहतर तरीके से संभालती है, न कि कौन सी टीम ज्यादा एग्रे.सिव क्रिकेट खेलती है। पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर अपनी शानदार जीत के बाद भारत इस मुकाबले में पूरे कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगा। इस परफॉर्मेंस ने मोमेंटम वापस लाने और कैंप में भरोसा मजबूत करने में मदद की है। भारतीय बैटिंग लाइनअप अच्छी तरह से स्ट्रक्चर्ड दिखता है, जिसमें टॉप ऑर्डर में एग्रेसिव इरादे और बीच के ओवरों में अनुभवी स्टेबिलिटी है।

युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट की सबसे खास कहानियों में से एक रहे हैं। पिछले मैच में 30 गेंदों पर उनकी तेज रफ्तार 55 रन की पारी मॉडर्न टी-20 बैटिंग का एक बेहतरीन उदाहरण थी - जिसमें पावरप्ले ओवरों में टाइमिंग और स्मार्ट शॉट सिलेक्शन के साथ अग्रेसन का मिक्स था। मिडिल ऑर्डर की कमान शायद सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी, जिनकी स्ट्राइक रोटेट करने और जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत उन्हें हाई-प्रेशर सिचुएशन में एक जरूरी खिलाड़ी बनाती है। उनका साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे देंगे, जो दोनों डेथ ओवरों में बिना सोचे-समझे स्ट्रोक खेलने के बजाय सोच-समझकर हिटिंग करके मैच का रुख बदल सकते हैं। उनका रोल यह पक्का करना होगा कि भारत क्लस्टर में विकेट खोए बिना मोमेंटम बनाए रखे। बॉलिंग के नजरिए से, भारत के पास एक जबरदस्त अटैक है। जसप्रीत बुमराह एक बार फिर प्रेशर ओवरों में, खासकर पारी के आखिरी स्टेज में अपनी ट्रेडमार्क यॉर्कर और डिसिप्लिन्ड लाइन-एंड-लेंथ बॉलिग के साथ अहम रोल निभाएंगे। अर्शदीप सिंह से नई गेंद से शुरुआती ब्रेकथ्रू दिलाने की उम्मीद है, जबकि वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिंग को कंट्रोल करने में अहम होगी, जब पिच धीमी हो जाती है। हालांकि, वेस्टइंडीज अपने पारंपरिक निडर और मनोरंजक क्रिकेट के साथ आती है। उनकी बैटिंग फिलॉसफी पहली गेंद से अटैक करने पर बनी है, एक ऐसा स्टाइल जो अगर ठीक से किया जाए तो किसी भी बॉलिग अटैक को जल्दी से हरा सकता है। रोवमैन पॉवेल और शिमरॉन हेटमायर जैसे बैट्समैन मॉडर्न कैरेबियाई पावर-हिटिग ट्रेडिशन को दिखाते हैं, जो आसानी से बाउंड्री पार कर सकते हैं। शाई होप एक अहम एंकर की भूमिका निभाएंगे, जो एग्रेसिव मिडिल ऑर्डर के चार्ज लेने से पहले टॉप पर स्टेबिलिटी देंगे। वेस्टइंडीज का लोअर ऑर्डर उन खिलाड़ियों के जरिए और फायरपावर जोड़ता है जो प्रेशर में भी बड़े छक्के मार सकते हैं। रोम.रियो शेफर्ड और जेसन होल्डर जैसे ऑलराउंडर टीम में गहराई जोड़ते हैं, जो मैच के अहम फेज में बैटिंग और बॉलिग दोनों ऑप्शन देते हैं। बॉलिग में, गुडाकेश मोती और अकील हुसैन स्पिन वेरिएशन का इस्तेमाल करके भारतीय बल्लेबाजों को रोकने में अहम होंगे, क्योंकि पिच अक्सर मैच के आगे बढ़ने के साथ धीमे गेंदबाजों की मदद करती है।

जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, ईडन गार्डन्स की पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है, जिससे इस नॉकआउट मुकाबले में पार्टनरशिप और स्मार्ट स्ट्राइक रोटेशन बहुत जरूरी हो जाएगा। कुल मिलाकर, यह मैच स्टाइल का एक दिलचस्प मुकाबला होने का वादा करता है - भारत का टैक्टिकल बैलेंस बनाम वेस्टइंडीज की जबरदस्त अप्रत्याशितता - जिसमें वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जगह दांव पर लगी है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सोभना को जरवरी के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरुस्कार

**दुबई, वार्ता।** महिला टी-20 विश्व कप वैश्विक क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करने वाली बांग्लादेश की बल्लेबाज सोभना मोस्तारी को जनवरी 2026 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। बांग्लादेश की इस बल्लेबाज को आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और अमेरिकन लेफ्ट-आर्म पेसर तारा नोरिस के साथ नॉमिनी किया गया था। पिछले महीने वैश्विक क्वालिफायर में मोस्तारी ने पहले छह मैचों में 45-80 के एवरेज और 145-85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन बनाए थे। उन्होंने टीम को खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश ने जून और जुलाई में थाईलैंड पर 39 रन की जीत के साथ इस बड़े प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की की।

### डेरिल मिशेल बने जनवरी के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की वनडे सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 176 की औसत से 352 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार जीता। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर, मिशेल ने बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नंबर वन

# 'परफेक्ट फिनिश' के लिए उतरेगा द. अफ्रीका

- **दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अजेय दावेदार दक्षिण अफ्रीका का मुकबला बाहर हो चुकी जिम्बाब्वे से होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के सेकंड लास्ट सुपर 8 मैच में, अरुण जेटली स्टेडियम में, अजेय दावेदार दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला बाहर हो चुकी जिम्बाब्वे से होगा। दक्षिण अफ्रीका इस कॉम्पिटिशन में सबसे दमदार टीमों में से एक रही है, जिसने पहले ही अपने शानदार जीत के रिकॉर्ड के साथ सेमीफाइनल क्वालिफकिशन पक्का कर लिया है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे अपने सुपर 8 मुक.ाबलों में भारी हार के बाद बाहर हो गई है, लेकिन वह एक मजबूत प्रदर्शन के साथ इज्जत वापस पाने के लिए बेताब होगी।

यह मैच टूर्नामेंट में लगातार मोमेंटम और ग्लोबल स्टेज पर इज्जत और अनुभव के लिए खेलने वाली टीम के बीच की लड़ाई को दिखाता है। दक्षिण अफ्रीका अपने हाल के मैचों में लगातार पांच जीत के शानदार सिल.सिले के साथ मैदान में उतरी है। उनके सबसे हालिया मैच में उन्होंने आसानी से जबरदस्त टोटल बनाए, जिसमें बेहतर बैटिंग डेप्थ और बॉलिग डिसिप्लिन दिखाया गया। जिम्बाब्वे का हालिया रिकॉर्ड एक जैसा नहीं रहा है, जिसमें दो भारी सुपर 8 हार ने पहले ग्रुप-स्टेज की सफलता को फीका कर दिया है। उनकी बॉलिंग यूनिट को विरोधी बैट्समैन को रोकने में मुश्किल हुई है, खासकर पहले बॉलिग करने के बाद टोटल डिफेंड करते समय। दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग एडेन मार्करम के जबरदस्त फॉर्म के आस-पास घूमती रही है, जिन्होंने छह मैचों में 178.37 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं। उन्होंने विकेटकीपर-बैट्समैन क्विटन डी कॉक के साथ लगातार मजबूत शुरुआत दी है, जिनकी एग्रेसिव पावरप्ले हिटिग ने दक्षिण अफ्रीका को कई मैचों में शुरुआती मोमेंटम दिया है। बॉलिंग अटैक को मार्को यानसन लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 11 विकेट लिए हैं और किफायती बॉलिग फिगर बनाए रखा है। जिम्बाब्वे ब्रायन बेनेट पर बहुत ज्यादा डिपेंड करेगा, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 59 गेंदों पर शानदार नाबाद 97 रन बनाए थे। कैप्टन सिकंदर रजा भी इंपॉर्टेंट होंगे, जो बीच के ओवरों में बैट और स्पिन



बॉलिंग दोनों में कंट्रीब्यूट करेंगे। दिल्ली की पिच के पावरप्ले ओवरों के दौरान बैटिंग फ्रेंडली रहने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनर्स के आने पर धीमी हो सकती है।

# मेरे पार जीत को बयां करने के लिए शब्द नहीं : पारस डोगरा

**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के पहली बार रणजी चैम्पियन बनने से उसके कप्तान पारस डोगरा गदगद नजर आ रहे हैं और उनका कहना है कि उनके पास इस जीत को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं।

डोगरा ने शनिवार को कर्नाटक के खिलाफ घइनल ड्रा होने के बाद कहा कि 'सच कहूं तो मैं समझा नहीं सकता। मेरे पास अभी कोई शब्द नहीं हैं। इस समय, यह मेरी जदिगी की सबसे बड़ी चीज है और मैं इसके लिए बहुत शुक्रगुजार हूं। सच कहूं तो, मैं जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के साथ होने के लिए लकी रहा हूं और वहां के लोग जबरदस्त रहे हैं। वे बहुत अच्छे रहे हैं और यह 11,



- **जम्मू-कश्मीर के पहली बार रणजी चैंपियन बनने से उसके कप्तान गदगद नजर आ रहे**

14, 15 लोगों के बारे में नहीं है, अगर आप देखेंगे, तो वे जबरदस्त रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''वे अपना हाथ ऊपर उठा रहे हैं और वे सच में बहुत अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। वे मैच जीतने के लिए बहुत उत्सुक हैं और शुरू से ही, उन्हें 100: यकीन था कि हम यह जीतेंगे। मुझे फिलहाल सेलिब्रेट करने दो। आप देखेंगे कि आगे क्या होता है। पहली इनिंग में 291 रन की बड़ी लीड ने जम्मू-कश्मीर को ड्राइवर सीट पर पहुंचा दिया। कर्नाटक के पास गेम में वापस आने का एकमात्र मौका जम्मू-कश्मीर को उनकी दूसरी पारी में सस्ते में आउट करना और फिर चेज सेट करना था।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर को 11/2 पर थोड़ी मुश्किल में डाल दिया था, लेकिन कामरान इकबाल ने नई बॉल को देखा और डोगरा और समद के साथ लगातार फिफ्टी पार्टनरशिप करके गेम को कर्नाटक से और दूर ले गए।

# कतर ने भारतीय बास्केटबॉल टीम को हराया


- **लुसैल मल्टीपर्पस हॉल में खेले गए मुकाबले में ब्रैंडन गुडविन ने मेजबान टीम के लिए सबसे अधिकर 23 अंक बनाए**

**लुसैल (कतर), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम को कतर के खिलाफ अपने तीसरे फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर ग्रुप डी मुकाबले में 99-73 से हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को लुसैल मल्टीपर्पस हॉल में खेले गए मुकाबले में ब्रैंडन गुडविन ने मेजबान टीम के लिए सबसे अधिक 23 अंक बनाए, जबकि कंवर संधू 15 अंक के साथ दुनिया के 75वें नंबर की भारतीय टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।

प्रिसपाल सिंह ने भारत के लिए फ्री थ्रो से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले ब्रैंडन गुडविन और टायलर हैरिस ने कतर को मैच पर नियंत्रण करने में मदद की, जिससे मेजबान टीम पहले क्वार्टर के आखिर में 28-17 से आगे हो गई। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत कंवर संधू के थ्री-पॉइंटर से की, जिसने पूरे समय के लिए माहौल बनाया।

उन्होंने दूसरे क्वार्टर में कतर को 26-17 से हराया, जिससे ब्रेक तक स्कोर 45-43 हो गया। इसके बाद विश्व नंबर 78 कतर ने तीसरे क्वार्टर में भारत को 30-9 से हराकर मैच पर पूरा नियंत्रण कर लिया, जो आखिर में अंतर साबित हुआ। गेम को तय करने वाले तीसरे क्वार्टर के बाद, भारत ने चौथे क्वार्टर में मोमेंटम वापस पाने की कोशिश की और 21 अंक बनाने में कामयाब रहा - जो कतर से अभी भी तीन कम हैं। फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर्स में ग्रुप डी भारत की यह तीसरी हार है। भारत अभी अपने ग्रुप में तीन अंक के साथ सबसे निचले पायदान हैं। भारतीय बास्केटबॉल टीम मंगलवार को जौक मिकेल में अपने ग्रुप की शीर्ष रैंक वाली टीम, वर्ल्ड नंबर 28 लेबनान से भिड़ेगी।

# मेदवेदेव फाइनल में ग्रीक्सपूर का सामना करेंगे



- **दानिल मेदवेदेव ने फेलिक्स ऑगर-अलियासिमें को 6-4, 6-2 से हराकर दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई**

**दुबई, वार्ता।** तीसरे सीड दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-4, 6-2 से हराकर दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव के नाम 22 टूर-लेवल टाइटल हैं और उन्होंने हर एक अलग इवेंट में जीता है। शनिवार को, उनके पास इसे बदलने का मौका होगा।

2023 के दुबई चैंपियन का सामना ट्रॉफी के लिए टैलोन ग्रीक्सपूर से होगा। मेदवेदेव इस हफ्ते की शुरुआत में शांग जुनचेंग, स्टेन वावरिका और जेनसन ब्रूक्सबी को सीधे सेटों में हराने के बाद ऑगर-अलियासिमे के साथ अपने करियर की 10वीं मीटिग में टॉप फॉर्म में पहुंचे।

उन्होंने ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ बेसलाइन एक्सचेंज को कंट्रोल किया, गहराई और सटीकता से स्ट्राइक करके कनाडाई खिलाड़ी को कमजोर किया और अपनी हेड2हेड सीरीज में बढ़त को 8-2 पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने कहा कि ये चार मैच बहुत शानदार रहे, शायद हर मैच में बेहतर से बेहतर खेलते हुए, आज का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा।अगर मैं कल और भी बेहतर प्रदर्शन कर पाया, तो मेरे जीतने के चांस होंगे और मैं यही करने की कोशिश करूंगा।

ऑगर- अलियासिमे लगातार दूसरे सीजन में दुबई में टाइटल मैच में पहुंचने का लक्ष्य बना रहे थे। इस महीने की शुरुआत में, कैनेडियन खिलाड़ी ने मोंटपेलियर में ट्रॉफी उठाई थी। अब उनका ध्यान बीएनपी परीबा ओपन पर है, जो इस सीजन का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट है। जनवरी में ब्रिस्बेन में अपना 20वां हार्ड-कोर्ट टूर-लेवल टाइटल जीतने के बाद मेदवेदेव इस सीजन के अपने दूसरे फाइनल में हैं। इस साल उनका रिकॉर्ड अब 13-3 है। शनिवार को उनका मुकाबला ग्रीक्सपूर से होगा जिन्होंने 2022 के चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव को 7-5, 7-6(6) से हराया, ग्रीक्सपूर ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 4/6 पर दो सेट पॉइंट बचाए और मैच में मिले सभी छह ब्रेक पॉइंट को टाला।

29 साल के खिलाड़ी का यह छठा टूर-लेवल फाइनल है और पिछले जून में मालोर्का में घास पर ट्रॉफी उठाने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी ने दुबई में अपने पूरे सफर में शानदार प्रदर्शन किया है, जहां उन्होंने अलेक्जेंडर बुब्लिक और जैकब मेन्सिक को भी हराया है। दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव के खिलाफ एक घंटे, 41 मिनट की जीत के साथ, ग्रीक्सपूर ने अब अपने करियर में पहली बार लगातार तीन टॉप 20 खिलाड़ियों को हराया है।

# कोई स्टार कल्चर नहीं, सिर्फ टीम का विश्वास : कोच अजय

- **जहां कई टीमें अकेले मैच जीतने वालों पर भरोसा करती हैं, वहीं जम्मू-कश्मीर ने अपना कैंपेन एकता, अनुशासन और रोल-बेस्ड परफॉर्मेंस पर बनाया**

**हुबली, वार्ता।** टीम में कोई स्टार कल्चर नहीं है। यही आसान सोच जम्मू और कश्मीर के रणजी ट्रॉफी फाइनल तक के ऐतिहासिक प्रदर्शन की नींव बनी, जिसने क्रिकेटरों के एक युवा ग्रुप को भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे प्रेरणा देने वाली अंडरडॉग सफलता की कहानियों में से एक बना दिया। जहां कई टीमें अकेले मैच जीतने वालों पर भरोसा करती हैं, वहीं जम्मू और कश्मीर ने अपना कैंपेन एकता, अनुशासन और रोल-बेस्ड परफॉर्मेंस पर बनाया। हेड कोच अजय शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को रेप्युटेशन या फ्रेंचाइजी क्रिकेट की शोहरत के बजाय कंसिस्टेंसी, स्वभाव और मैच अवेयरनेस के आधार पर चुना और तैयार किया गया। इस तरीके का बहुत फायदा हुआ क्योंकि जम्मू और कश्मीर ने अपने कैंपेन के दौरान कई पूर्व रणजी ट्रॉफी चैंपियन को हराया, जिससे यह साबित हुआ कि घरेलू क्रिकेट में मिलकर की गई को.शिश अक्सर स्टार-ड्रिवन क्रिकेटिग स्ट्रक्चर से बेहतर परफॉर्म कर सकती है।

कोचिंग की सोच खिलाड़ियों में कैरेक्टर और मेंटल टफनेस बनाने पर जोर देती थी। क्रिकेटरों को बार-बार याद दिलाया जाता था कि घरेलू क्रिकेट ही टैलेंट के लिए असली टेस्टिग ग्राउंड है, और सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन ही पहचान दिलाएगा। युवा खिलाड़ियों को तुरंत शोहरत या अपने रिकॉर्ड के पीछे भागने के बजाय प्रोसेस पर ध्यान देने वाले क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए बढ़ावा दिया गया। पिछले सीजन में क्वार्टर फाइनल में एक रन से दिल तोड़ने वाली हार के बाद यह टीम-फर्स्ट कल्चर खास तौर पर साफ हो गया।

# महिलाओं की 62 किग्रा स्पर्धा में सविता ने जीता कांस्य पदक

**अल्बानिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान सविता ने मुहामेट मालो 2026 रेसलिंग टूर्नामेंट में महिलाओं की 62 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में अंडर 17 और अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी 20 वर्षीय भारतीय पहलवान सविता ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिग सीरीज स्पर्धा में अपना पहला पोडियम अमेरिका की 2025 जाग्रेब ओपन चैंपियन अडाउगो न्वाचुक्वू पर 7-5 से करीबी जीत के साथ पक्का किया। इससे पहले ड्रॉ में, सविता ने क्वालिफिकेशन राउंड में ब्राजील की ओलंपियन लाइस नून्स को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में 59 किग्रा की यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया सिडेलनिकोवा से 12-2 से हार गईं। सिडेलनिकोवा के फाइनल में पहुंचने के साथ, सविता को कांस्य पदक जीतने का मौका मिला और उन्होंने सीनियर यूडब्ल्यूडब्ल्यू टूर्नामेंट में अपना पहला पक्का किया। भारत दिन में दो और पदक से चूक गया, जब अपेक्षा विट्ठल पाटिल (65 किग्रा) और कीर्ति (68 किग्रा) अपने-अपने कांस्य पदक मुकाबलों में हार गईं। वहीं ग्रीको-रोमन में, निशांत फोगट और अमन 77 किग्रा भार वर्ग में पदक राउंड से पहले ही बाहर हो गए। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की पदकों की संख्या चार हो गई। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, रजत और दो कांस्य पदक जीते है।



एक टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने साहिबजादा फरहान

# श्रीलंका ने 101 रन पर 5वां विकेट गंवाया

- **मोहम्मद नवाज ने जनिथ लियानागे को बोल्ड किया, पाकिस्तान ने 213 रन लक्ष्य दिया**

कैंडी। पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 213 रन का टारगेट दिया है। कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को 147 रन पर रोकना होगा। श्रीलंकाई टीम ने 11 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बना लिए हैं। पवन रत्नायके और जनिथ लियानागे क्रीज पर हैं। कामिंडु मेंडिस (3 रन), चरिथ असलंका 25, कामिल मिशारा 26 और पथुम निसंका 3 रन बनाकर आउट हुए।

अबरार अहमद 3 विकेट ले चुके हैं। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान (100 रन) ने शतक लगाया। जबकि फखर जमान (84 रन) ने फिफ्टी बनाई। दोनों के बीच रिकॉर्ड 176 रन की साझेदारी हुई। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने 3 विकेट झटके। दो विकेट दसुन शनाका को मिले। दुष्मंथा चमीरा के हिस्से एक विकेट आया। फरहान ने इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक लगाया है। वे एक टी-20 वर्ल्ड कप में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले पहले बैटर बने हैं। उनसे पहले क्रिस गेल ने दो शतक लगाए थे, लेकिन उनके दोनों शतक अलग-अलग दो एडीशन में आए हैं। फरहान एक टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने विराट कोहली के 319 रन के रिकार्ड को तोड़ दिया है। फरहान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में इस पारी का 37वां रन बनाते ही यह अचीवमेंट हासिल की। 9वें ओवर की 5वीं बाल पर श्रीलंका ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर अबरार अहमद ने चरिथ असलंका को बोल्ड कर दिया। असलंका 25 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर में श्रीलंकाई टीम ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। अबरार अहमद ने ओवर की दूसरी बाल वाइड फेंक दी। इसी से टीम का 50वां रन बना। 212 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम ने खराब शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले में 49 रन बनाने में टाप-2 विकेट गंवा दिए। कामिल मिशारा 26 और पथुम निसंका 3 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर की पहली बाल पर अबरार अहमद ने कामिल मिशारा (26 रन) को बोल्ड कर दिया। इस ओवर के बाद श्रीलंकाई टीम का स्कोर 37/2 रहा। तीसरे ओवर में शाहीन शाह अफरीरी ने 15 रन खर्च कर दिए। उनकी दूसरी बाल पर कामिल मिशारा ने छक्का लगाया। फिर तीसरी बॉल पर चौका और 5वीं बॉल पर चौका लगाया। श्रीलंकाई टीम ने दूसरे ओवर की तीसरी बाल पर पहला विकेट गंवाया। यहां पर पथुम निसंका 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नसीम शाह ने मोहम्मद नवाज के हाथों कैच कराया। दिलशान मधुशंका ने पारी का आखिरी ओवर डाला। उनके इस ओवर में तीन विकेट गिरे। पहली गेंद पर शतकवीर साहिबजादा फरहान 100 रन बनाकर आउट हुए। जनिथ लियानागे ने उनका कैच पकड़ा।





# राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी

## रियल लाइफ शादी के बाद ऑन स्क्रीन धमाका

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी की खबर अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि फैंस को एक और बड़ा सरप्राइज मिल गया। कपल की अपकमिंग फिल्म राणाबाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। शादी के बाद दोनों की यह पहली ऑन-स्क्रीन झलक मानी जा रही है, जिसे लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट चरम पर है।

साउथ सिनेमा के सबसे चर्चित जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी कर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कपल की शादी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन अब शादी के ठीक एक दिन बाद ही उनके मोस्ट अवेटेड फिल्म राणाबाली से एक खास पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। काफी लंबे इंतजार के बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंधे हैं। जहां अभी फैंस उनकी शादी की फोटो की ही बात नहीं खत्म कर पा रहे हैं, तो वही शादी की बाद की दोनों की साथ की पहली फिल्म का बड़ा अपडेट सामने आया है।



रश्मिका और विजय की अपकमिंग फिल्म 'राणाबाली' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है, जिसमें केवल लीड किरदारों के हाथ दिखाई दे रहे हैं, जो दर्शकों को यह इशारा देते हैं कि ए विजय और रश्मिका हों।

**फैंस के लिए है खास सरप्राइज**

पोस्टर के साथ मेकर्स ने एक खास सरप्राइज का भी ऐलान भी किया है, जिसे 28 फरवरी को साझा किया गया। जिससे लोगों की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। यह फिल्म दोनों सितारों की शादी के बाद उनकी पहली ऑन-स्क्रीन वापसी होगी और इसी वजह से इसे फैंस के बीच खास रूप से अहम माना जा रहा है।

'राणाबाली' का डायरेक्शन राहुल सांस्कृत्यायन कर रहे हैं और इसे विशाल पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें विजय ने ऐतिहासिक योद्धा राणाबाली का किरदार निभाया है, जबकि रश्मिका जयम्मा के रोल में होंगी।

# यश की टॉक्सिक का पलके बिछाकर हो रहा इंतजार

**मुंबई।** साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। टीजर को देखने के बाद ट्रेलर को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई है। इस इंतजार को खत्म करते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है।

साउथ सुपरस्टार यश की 'टॉक्सिक' जब से अनाउंस हुई है, तभी से सुर्खियों में छाई हुई है। इस मच अवेटेड फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में इसका टीजर रिलीज हुआ, जिसके बाद लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई। जितना लोगों को टॉक्सिक की रिलीज का इंतजार है, उतना ही इस फिल्म के ट्रेलर देखने के लिए यश के फैंस बेताब हैं। इस एक्साइटमेंट को और न बढ़ाते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर पर बड़ा अपडेट दे दिया है। फाइनली यश की टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। टीजर रिलीज से पहले मेकर्स ने एक के बाद बाद एक हर एक्ट्रेस के पोस्टर जारी कर काफी बज बना दिया था। यह मूवी 19 मार्च को सिनमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यश स्टारर 'टॉक्सिक' की टीम फिल्म के प्रमोशन में कोई कमी नहीं छोड़ रही है।

खबर मिली है कि मेकर्स ने यश की फिल्म के टीजर को रिलीज करने के लिए मार्च का पहला हफ्ता चुन लिया है।



# मैंने धुरंधर 2 देखी, आप भुला नहीं पाएंगे : यामी

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद से ही दर्शकों को फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है, जो 19 मार्च को रिलीज होगा। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम ने फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया, जब उन्होंने बताया कि वह धुरंधर 2 देख चुकी हैं। यामी गौतम ने कहा, मेरे पति ने 'उरी' जैसीकई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। हाल ही में उन्होंने धुरंधर बनाई है। धुरंधर जैसी फिल्म बनाने के लिए उनमें गजब का जुनून है, वरना यह मुमकिन नहीं होता। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उनकी कोई फिल्म 19 मार्च को रिलीज हो रही है, तो उन्होंने जवाब दिया, देखिए, धुरंधर से जुड़ी कोई भी जानकारी आदित्य ही देंगे। बाकी सभी की तरह मेरा भी उस दिन सिनेमा हॉल में एक जरूरी अपॉइंटमेंट है, तो आप सभी से वहीं मुलाकात होगी। यामी गौतम ने आगे बताया कि उन्होंने धुरंधर 2 देख ली है। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने धुरंधर 2 देख ली है। यह असाधारण से भी बढ़कर है। मैं बहुत भावुक हो गई थी। उस दिन मुझे फ्लाइट पकड़नी थी, इसलिए मैं आदित्य से कुछ कह नहीं पाई। बाद में भी मैं कुछ कर नहीं पाई। मुझे स्क्रिप्ट पढ़नी थी, लेकिन पढ़ नहीं पाई कुछ देखना था, लेकिन देख भी नहीं पाई। धुरंधर 2 दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव होगा, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। बता दें, 'धुरंधर 2' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिली होगी। इस फिल्म का क्लैश यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से होगा। फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे सितारे भी नजर आएंगे।



# दो फ्लॉप के बाद नई फिल्म की तैयारी में शनाया

शनाया कपूर की हालिया रिलीज फिल्म तू या मैं बॉक्स ऑफिस पर ऑडियंस के लिए तरस गई। लगातार दो फिल्में फ्लॉप होने के बाद शनाया कपूर नई फिल्म की तैयारी में हैं, जिसका नाम पता चल गया है। इतना ही नहीं, फिल्म में लीड एक्टर का नाम भी रिवील हो गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बीते साल 'आंखों की गुस्ताखियां' से एक्टिंग डेब्यू किया था।

**कहां तक पहुंचा फिल्म का काम?**

फिल्म मार्च 2025 में फ्लोर पर गई और लगभग दो महीने में इसकी मेन शूटिंग पूरी हो गई, जिसका पूरा शेड्यूल गोवा में सेट किया गया था। प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है, जबकि थिएटर में रिलीज की तारीख का अभी भी इंतजार है। फिल्म को चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने वाउव एमिरेट्स और कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर सपोर्ट किया है।


हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखाई पाई थी। इसके बाद शनाया कपूर की फिल्म 'आई तू या मैं' जो इसी साल 13 फरवरी को रिलीज हुई। शनाया और आदर्श गौरव की इस फिल्म ने उम्मीद से भी कम कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के बाद अब शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसपर बहुत पहले ही काम शुरू हो चुका था। हालांकि, इसका टाइटल अभी तक डिसाइड नहीं हो पाया था। अब शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म को नाम मिल गया है और साथ ही लीड एक्टर के बारे में भी जानकारी मिल गई है। शनाया कपूर की 'तू या मैं' ऑडियंस का दिल जीतने में बुरी तरह नाकामयाब साबित हुई। इसी के बाद एक्ट्रेस नई फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं। शनाया कपूर की अपकमिंग मूवी को फिल्ममेकर विकेश भूटानी बना रहे हैं, जिसके टाइटल का खुलासा हो गया है। इसी के साथ फिल्म में एक नई जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी।

**शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म**

शनाया कपूर की नई फिल्म का टाइटल जैकब कार्डोसो रखा गया है। शनाया के साथ इस फिल्म में 'मुंज्या' स्टार अभय वर्मा नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि शुजात सौदागर के डायरेक्शन में बनी 'जैकब कार्डोसो' की कहानी 1987 के समय पर आधारित है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस फिल्म पर काम बीते साल ही शुरू हो चुका था। 'आंखों की गुस्ताखियां' और 'तू या मैं' के बाद शनाया की तीसरी फिल्म है, जिससे उनके फैंस काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**विकेश भूटानी ने क्या बताया?**

प्रोड्यूसर विकेश भूटानी ने कंफर्म किया है कि शनाया कपूर और अभय वर्मा की फिल्म का ऑफिशियली नाम जैकब कार्डोसो है। यह गोवा में सेट एक खूबसूरत फिल्म है, उस समय के आसपास जब यह एक स्टेट बन रहा था। शुजात सौदागर डायरेक्टेड यह फिल्म 1987 में सेट है और इसे एक कॉमेडी के तौर पर दिखाया गया है।



## विवादों के बीच द कैरेला स्टोरी 2 ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा

**नई दिल्ली।** साल 2023 की सुपरहिट क्राइम ड्रामा द केरल स्टोरी की रिलीज के तीन साल बाद विपुल शाह सीक्वल द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड लेकर आए। पहली फिल्म की तरफ द केरल स्टोरी 2 को लेकर खूब विवाद हुआ। मामला कोर्ट तक पहुंचा, कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर स्टे लगाया। मगर किसी तरह विवादों के बीच फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची। अब चूंकि द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में आ गई है और पहले दिन इस फिल्म ने कितना कलेक्शन कर लिया है, चलिए आपको फिल्म का ओपनिंग डाटा बताते हैं।

# प्रभास की स्पिरिट में नजर आएंगी ऐश्वर्या



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया गया, जिसमें विवेक ओबेरॉय के साथ एक नया चेहरा ऐश्वर्या देसाई भी नजर आई। पोस्टर में उनका इंटेंस अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और अब दर्शक उनके किरदार को लेकर खासा उत्साहित हैं।

साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पिछले कई महीनों से बढ़ी हुई है। अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म के पहले लुक को शेयर किया है, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। फिल्म स्पिरिट में विवेक ओबेरॉय का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर जारी करते ही वायरल हो गया। इस पोस्टर में एक चेहरा ना है, जिनका नाम ऐश्वर्या देसाई है। जो कि इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा होने वाली हैं और अब फैंस उनके किरदार को देखने के लिए बेहद एक्साइटमेंट हैं।

पोस्टर में ऐश्वर्या नशा करते हुए इंटेस लुक में नजर आ रही हैं, जिनको देखने के बाद से लोग उनके बारे में चर्चा करने लगे हैं। दरअसल, ऐश्वर्या पहले भी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, हालांकि इस फिल्म में उनको अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। ऐश्वर्या की बात करें, तो वो एक इंडियन अमेरिकन मॉडल है, जिन्होंने अपनी शुरुआत मॉडलिंग से ही की थी। वक्त के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और रणवीर सिंह के साथ फिल्म गली बॉय में नजर आई। गली बॉय को लोगों ने बहुत पसंद किया और फिल्म को 13 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले थे। गली बॉय के बाद ऐश्वर्या ने एक शॉर्ट फिल्म भी की, जिसका नाम श्रैट इन द किचेनश था। इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को अवॉर्ड भी मिला है। एक्टिंग के अलावा ऐश्वर्या को सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव देखा जाता है। उन्हें उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगभग 36 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। अब ऐश्वर्या को स्पिरिट में देखा जाएगा। प्रभास और तृप्ति डिमरी की यह फिल्म 5 मार्च, 2027 को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 8 भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है और उन्होंने ही लिखा भी है।



यरूशलेम। पुराने शहर के ऊपर बाईं ओर हवाई रक्षा मिसाइल अवरोधन के निशान दिखाई देते हुए।



उत्तरी इजरायल। हाइफा के पास तिरत हाकार्मेल में एक इमारत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद निवासियो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।



तेल अवीव। इजरायल की ओर दागी गई मिसाइल के बाद चेतावनी सायरन बजने पर आश्रय लेने के लिए दौड़ते लोग।

# कतर से बहरीन तक, अमेरिकी बेस पर कहर बनकर टूटा ईरान

## रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की




**वाशिंगटन।** ईरान पर इजरायल अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद ईरान को पलटवार करते हुए अमेरिका के मददगार देशों पर ड्रोन व मिसाइलों से बड़े हमले किए जिनमें अमेरिकी एयरबेस बुरी तरीके से तबाह हुए। ईरान ने बहरीन समेत कई जगह जबरदस्त अटैक करते हुए बड़ा बदला लिया है।

उसने शनिवार दोपहर बाद से बहरीन, कतर, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, दुबई सहित कई और देशों पर भी हमला करते हुए अमेरिकी नेवलबेस क्षतिग्रस्त कर अमेरिका और इजरायल को चौका दिया। कतर व दुबई पर कई दौर के हमले ईरान की ओर से हुए जिसमें बड़े नुकसान का अनुमान है। यह पहला मौका है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिकन नेवी बेस पर किसी देश के द्वारा हमला किया गया। ईरान की ओर से कहा गया है कि हमारी ओर से बड़ा हमला नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही हम बड़ा हमला कर इजरायल और अमेरिका को बैकफुट पर ला देंगे। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने तत्काल हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की है। रूस ने अमेरिका और इजरायल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन गैर-जिम्मेदार कार्रवाई का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए, जो पूरे क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। रूस पहले की तरह अंतर्राष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वहां रह रहे फिलीपीनी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रवासी श्रमिक विभाग को प्रभावित इलाकों में नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्र में करीब 21 लाख फिलिपीनी कामगार मौजूद बताए गए थे। बेल्जियम ने कहा, ईरानी जनता को अपनी सरकार के फैसलों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समधान तक नहीं पहुंच पाए। नार्वे ने कहा कि इजरायल के हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। नार्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा, इजरायल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की। इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वााशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। इंडोनेशिया ने सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी बयान में सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की। अलबुसैदी हमलों से पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्था नहीं कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, सक्रिय और गंभीर वार्ता को एक बार फिर कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका से गुजारिश करता हूं कि वह इसमें और न फंसे। यह आपकी लड़ाई नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी विदेश मंत्री अनीता आनंद ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा, कनाडा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसके शासन को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए और खतरा बनने से रोकने के लिए अमेरिका की कार्रवाई का समर्थन करता है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईरान पर अमेरिकी हमलों का समर्थन करती है। अल्बनीज ने एक बयान में कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और ईरान को अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज पर्रिला ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की आलोचना की।

### यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिमी एशिया छोड़ने की अपील

**वाशिंगटन।** कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है।

### ईरान के पलटवार के बाद पांच देशों में तनाव के बीच एयरस्पेस बंद

**तेहरान।** अमेरिकी और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद अब ईरान ने भी पलटवार करना शुरू कर दिया है। इजरायल के अलावा खाड़ी देशों के कई अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ईरानी हमले तेज हो गए हैं। ईरान ने कुवैत, बहरीन,कतर, सऊदी अरब, और यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया है। ईरान ने कतर के दोहा में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने देश को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। रक्षा मंत्रालय इस बात की पुष्टि करता है कि खतरे का पता चलते ही सुरक्षा योजना के अनुसार उससे तुरंत निपटा गया और कतर की धरती तक पहुंचने से पहले ही सभी मिसाइलों को रोक दिया गया ईरान ने कतर, बहरीन, कुवैत यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। बहरीन ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के 5वें बेड़े के मुख्यालय को मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया है। कतर के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि पैट्रियट रक्षा प्रणाली द्वारा एक ईरानी मिसाइल को रोक दिया गया है।

# रूस और चीन जारी जंग में दखल देंगे!

## अमेरिका व इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे



■ ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त अभियान में ईरान पर हमला बोला है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार किया। इतना ही नहीं ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

इनमें जॉर्डन से लेकर कुवैत और सऊदी अरब से बहरीन तक में अमेरिकी बेसेज पर हमले किए गए हैं। पूर्व राजनयिक दिलीप सिन्हा के अनुसार, यह युद्ध इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से टूट चुकी है। शीत युद्ध के समय के विपरीत, अब महाशक्तियां यह मानने लगी हैं कि वे कूटनीति के बजाय युद्ध करके अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल कर सकती हैं, जो कि विश्व के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति है। अमेरिका और इजरायल की ईरान के साथ यह दुश्मनी 1979 के सत्ता परिवर्तन के समय से ही चली आ रही है। पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा के मुताबिक, यह मुकाबला अब फाइट टू द फिनिश बन चुका है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्पष्ट मानना है कि ईरान की वर्तमान सरकार नंबर वन स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की सबसे बड़ी प्रायोजक) है और इस आतंकी और कट्टरपंथी सरकार का जाना अब तय है। दिलीप सिन्हा स्पष्ट करते हैं कि पिछले साल के हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु संस्थानों को नष्ट करना था, लेकिन इस ताजा हमले का एकमात्र और खुला उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना है। अमेरिका और इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं, ताकि ईरान की जनता के भीतर हिम्मत आए और वे स्वयं विद्रोह करके इस सत्ता को पलट दें।

## बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 20 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गई। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए।

# ट्रम्प के रडार पर ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई

## ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू



■ हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके सुने गए हैं और इस हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलों की पुष्टि करते हुए खुलेआम ईरानी नागरिकों से अपनी ही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर दी है। इस पूरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया के नए संकट के केंद्र में सिर्फ एक ही नाम है-ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आइए आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि 86 वर्षीय खामेनेई कौन हैं और वे पश्चिमी देशों की आंखों की किरकिरी क्यों बने हुए हैं। ईरान पर हुए इस ताजा हमले में देश भर के कई इलाकों के साथ-साथ राजधानी तेहरान के उन विशिष्ट क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जो सीधे तौर पर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात मिसाइलें तेहरान के उत्तर में स्थित राष्ट्रपति भवन और खामेनेई के कार्यालयों (कंपाउंड) के पास गिरी हैं। अमेरिका और इजरायल की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य इस्लामी गणराज्य के नेतृत्व को निशाने पर लेना है। हालांकि, हमलों के दौरान खामेनेई तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई एक धर्मगुरु हैं, जो 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) के पद पर काबिज हैं। उन्होंने ईरान के इस्लामी गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद यह पद संभाला था। खुमैनी ने ही 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व किया था, जिसमें अमेरिका समर्थित शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। आज की तारीख में खामेनेई देश के आध्यात्मिक नेता होने के साथ-साथ सरकार, सेना और न्यायपालिका की अंतिम और सर्वोच्च शक्ति अपने पास रखते हैं। अपने शासनकाल के दौरान खामेनेई ने हमेशा पश्चिमी देशों के साथ एक शत्रुतापूर्ण संबंध बनाए रखा है और वे अमेरिका को ईरान का नंबर एक दुश्मन मानते हैं, जिसके ठीक पीछे वे इजरायल को रखते हैं।

# मैक्रों बोले: इजरायल व ईरान तुरंत जंग रोकें



■ रूसी विदेश मंत्री ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की, अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर स्पेन की आपत्ति

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता युद्ध दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि हालात बहुत खतरनाक होते जा रहे हैं और इस तनाव को तुरंत रोकना जरूरी है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अपने देश, अपने नागरिकों और मध्य पूर्व में अपने हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। साथ ही, अगर उनके सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उन्हें सुरक्षा देने के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में लावरोव ने अमेरिका और इज़रायल के हमलों की कड़ी निंदा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इन हमलों को बिना उकसावे वाली कार्रवाई बताया। रूस ने तुरंत इन हमलों को रोकने की अपील भी की है। वहीं स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है।

# पाक-अफगान संघर्ष में दावा: 300 की मौत

■ 500 लोग घायल हुए ट्रम्प बोले: पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा

■ पाक का दावा: आतंकी हमलों के पीछे भारत का हाथ

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने 'आपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गई, 74 चौकियां तबाह की गई और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं।





